

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



उर्वशी के फैंस को लगा बड़ा झटका...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 16 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 57 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कानपुर घटना पर एसआईटी काम कर रही है, मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश : सीएम योगी

लखनऊ। कानपुर देहात में मां–बेटी की जलकर हुई मौत को दुखद करार देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच कर ही रहा है, साथ ही, मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दिए गये हैं। योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ट्वीट किया, कानपुर की घटना दुःखद है। इसके लिए एसआईटी काम कर रही है। हमने मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने एक निजी टीवी चौनल के वीडियो क्लिप भी ट्वीट के साथ संलग्न की है। इस वीडियो क्लिप में कानपुर में हुए हादसे पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, घटना दुखद हैं, उसके लिए हमारी एक एसआईटी काम कर रही है। हमने मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दिए हैं। पूरी रिपोर्ट का हमें इंतजार करना चाहिए। यह एक संवेदनशील मामला हैं, इस मामले में दूध का दूध, पानी का पानी सामने आ जायेगा। गौरतलब है कि सोमवार शाम कानपुर देहात जिले के रूरा थाना इलाके के मडौली गांव में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान सोमवार को एक अधेड़ उम्र की महिला और उसकी बेटी ने कथित तौर पर अपनी झोपड़ी में खुद को आग लगा ली, जिससे दोनों की मौत हो गयी थी।



## कर्नाटक भाजपा प्रमुख का बयान, हम भगवान राम और हनुमान के भक्त, टीपू के वंशजों को वापस भेज दिया



बंगलुरु। कर्नाटक में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आप राजनीतिक सरगर्मियां तेज होते दिखाई दे रही है। कर्नाटक में एक बार फिर से ध्रुवीकरण की राजनीति को हवा देने की कोशिश की जा रही है। अब नेताओं के बयानों में टीपू सुल्तान की चर्चा खूब हो रही है। एक बार फिर से कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने फिर से टीपू सुल्तान का मुद्दा छेड़ दिया है। इसके साथ ही उन्होंने खुद को भगवान राम और हनुमान का भक्त बताया है। अपने बयान में नलिन कुमार ने कहा कि हम भगवान राम और हनुमान के भक्त हैं। हम टीपू के वंशज नहीं हैं, हमने उनके वंशजों को वापस भेज दिया। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष ने हुंकार भरते हुए कहा कि मैं येलबुर्गा के लोगों से पूछता हूं, क्या आप हनुमान की पूजा करते हैं या टीपू के भजन गाते हैं? क्या आप टीपू के भजन गाने वाले लोगों को भगाएंगे? इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तो सोचिए कि इस राज्य को टीपू के वंशज चाहिए या भगवान राम और हनुमान के भक्तों की? इसके साथ ही उन्होंने चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि मैं हनुमान की धरती पर चुनौती देता हूं– टीपू से प्यार करने वालों को यहां नहीं रहना चाहिए, भगवान राम के भजन गाने वाले और भगवान हनुमान को मनाने वाले यहां रहें। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) 18वीं सदी के शासक टीपू सुल्तान में विश्वास रखते हैं और दोनों दल कर्नाटक का भला नहीं कर सकते हैं। वहीं, उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रशंसा करते हुए कहा कि पार्टी 16वीं सदी की उल्लाल की रानी अब्बक्का चौटा से प्रेरित है, जिन्होंने राज्य की समृद्धि के लिए शासन किया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में लिप्त है और विपक्षी पार्टी ने कर्नाटक का इस्तेमाल ''गांधी परिवार के लिए 'एटीएम' के तौर पर किया।''उन्होंने जनता से कहा, ''मैं आपसे पूछता हूं क्या लोगों को जद(एस) और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करना चाहिए, जो टीपू सुल्तान में विश्वास रखते हैं या भाजपा के लिए मतदान करना चाहिए, जिसकी आस्था रानी अब्बक्का में है।

## बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मेघालय चुनाव के लिए मेनिफेस्टो जारी किया, महिलाओं के लिए बड़े वादे

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मेघालय विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। मुझे यहां उपस्थित होकर और मेघालय के लिए घोषणापत्र पेश करते हुए खुशी हो रही है। मेघालय संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध राज्य है। राज्य के समृद्ध होने की बहुत गुंजाइश है, और हम भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तत्पर हैं। विकास के लिए पूर्वोत्तर राज्यों के बीच प्रतिस्पध ार्ा है और मेघालय भी इससे निपटने की कोशिश कर रहा है। गौरतलब है कि यहां भ्रष्टाचार एक ऐसा मुद्दा रहा है जो राज्य के विकास में बाधक रहा है। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि स्पीड, स्केल और स्किल तीन पहलू हैं जिन्हें अच्छी तरह से प्रबंधित किया जाना है। हमें राज्य के लिए बड़ी कल्पना करनी है – हम की आकांक्षा रखते हैं। हमने मेघालय में 7वां वेतन आयोग लागू करने का फैसला किया है। साथ ही, हम किसानों के लाभ के लिए पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के तहत वार्षिक वित्तीय सहायता को 2,000 रुपये तक बढ़ाएंगे। जेपी नड्डा ने कहा कि हम बालिकाओं के लिए एक कार्यक्रम शुरू करेंगे जो उन्हें रुपये का बांड प्रदान करेगा। उसके जन्म पर 50,000। महिलाओं के लिए केजी से पीजी तक निरूशुल्क शिक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। हम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सालाना 2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराएंगे। युवाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित किए जाएंगे और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी।



## सी से शुरू होता है कांग्रेसे और करप्शन, खुद पर लगे आरोपों का दें जवाब, सीएम बोम्मई का पलटवार



बंगलुरु। कर्नाटक में इस साल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक वार–पलटवार का दौर लगातार जारी है। कांग्रेस कर्नाटक में भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है। वैलेंटाइन डे के दिन कांग्रेस की ओर से ट्विटर पर कैरीकेचर साझा किए गए थे। इनमें भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पर निशाना साधा गया था। कांग्रेस ने सीएम बसवराज बोम्मई का एक कैरीकेचर साझा किया था जिसमें उनके हाथ में गिटार और दिल पर 40: लिखा हुआ था। दरअसल, कांग्रेस राज्य के मंत्रियों की ओर से सार्वजनिक कार्यों के लिए 40: कमीशन लेने का आरोप लगाते रही है। एक बार फिर से कांग्रेस की ओर से इसके जरिए भाजपा पर निशाना साधा गया है। अब इसी को लेकर मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मईने जवाब दिया है। अपने बयान में बसवराज बोम्मई ने कहा कि कांग्रेस का नाम श्सीश से शुरू होता है और भ्रष्टाचार भी श्सीश से शुरू होता है। अतरू वे सहसम्बन्ध ाी हैं। उनके खिलाफ 60 से अध िाक आरोप हैंऔर उन पर लोकायुक्त ने भी आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार बहुत अधिक था और अब सभी मामले लोकायुक्त को स्थानांतरित किए जा रहे हैं। सबसे पहले, उन्हें अपने भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देना चाहिए। इससे पहले बसवराज बोम्मई ने कहा था कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसने देश में ''अवैध चीजों और भ्रष्टाचार'' को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस विधायकों को हाल में तुमकुरु जिले के कुनिगल में मतदाताओं को 'प्रेशर कुकर' वितरित करते हुए ''रंगे हाथों'' पकड़ा गया था और उन पर वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जुर्माना लगाया गया था। बोम्मई ने कांग्रेस को ''प्रेशर कुकर पार्टी'' कहा। बोम्मई ने कहा था कि कांग्रेस कितने निचले स्तर पर पहुंच गई है, इसका यह एक उदाहरण है।

## पारदर्शिता, गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता: जितिन प्रसाद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के सभागार में विभागीय अध िाकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। देश एवं प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण समय है इसलिए दिन रात मेहनत कर सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के उद्देश्य से निर्माण कार्यों की गति में 3 से 4 गुना तक वृद्धि लाएँ। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि पारदर्शिता, गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता है इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होने निर्देश दिये कि वर्तमान में निर्माणाधीन परियोजनाओं को पारदर्शिता, गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए आगामी 15 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने निर्माणाधीन परियोजनाओ की देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि परियोजनाओं की लेटलतीफी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परियोजनाओं में देरी के कारणों का पता लगाएं और तत्काल समस्या का निराकरण करा कर परियोजनाओं को पूर्ण कराएं, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जवाबदेही तय कराएं। किसी भी स्थिति में एस्टीमेट रिवाइज नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि गुणवत्ता एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से इंपैक्ट वैल्यू टेस्ट, क्यूब टेस्ट, सिल्ट कंटेंट टेस्ट, रोड रिलेटेड टेस्ट, कंक्रीट कंप्रेसिव स्ट्रैंथ टेस्ट, स्लंप टेस्ट कराए जाएं।

## नई पर्यटन नीति में होटल व रिजार्ट की रजिस्ट्री में 100 प्रतिशत की स्टाम्प ड्यूटी में छूट

लखनऊ। नई पर्यटन नीति–2022 के तहत 10 लाख से लेकर 50 करोड़ रूपये तक की यूनिट पर 25 प्रतिशत की छूट, 05 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट अनुसूचित जाति व जनजाति की महिलाओं को होटल व रिजार्ट की रजिस्ट्री के समय 100 प्रतिशत की स्टाम्प ड्यूटी में छूट प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा लैंड कनवर्जन में भी प्राधिकरण नियमों में भी विशेष छूट का प्राविधान किया गया है। पर्यटन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवा टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण संस्थाओं में यूथ क्लब बनाने एवं उसको 2000 रूपये की छूट एवं राज्य सरकार द्वारा टूरिज्म के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वालों को टूरिज्म एवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। पर्यटन नीति–2022 के अंतर्गत चिन्हित किये गये रामायण, बौद्ध, ब्रज, बुन्देलखण्ड, महाभारत, सूफी, क्राफ्ट, स्वतंत्रता संग्राम, जैन, वाइल्ड एण्ड ईको टूरिज्म, शक्तिपीठ तथा आध्यात्म जैसे 12 परिपथों के अंतर्गत आने वाले सभी पर्यटक स्थलों के उच्चीकरण, नवीनीकरण तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है।

## दो समुदायों में झड़प, तनाव के बाद धारा 144 लागू, 6 लोग भी घायल



पलामू । झारखंड के पलामू से बड़ी खबर आ रही है। पलामू में दो समुदायों में झड़प हो गई है। यह विवाद पलामू के पांकी की है। यहां महाशिवरात्रि पर तोरण द्वार बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि पत्थरबाजी और आगजनी की भी नौबत आ गई। हालांकि, मौके पर पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची है। कुछ वाहनों को आग के हवाले भी कर दिया गया है जबकि 6 लोगों के घायल होने की खबर है। कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ के भी कोशिश की गई है। फिलहाल पलामू की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। तनाव को देखते हुए इलाके में धारा 144 लागू कर दिया गया है। एसपी सीके सिन्हा ने बताया कि 3 थानों की टीमों की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रण में करने की कोशिश हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राम मंदिर की दीवारों पर खलिस्तानियों ने लिखे नारे, साल भर में चौथी ऐसी घटना



अयोध्या। कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में हिंदू–फोबिया का कोई अंत नहीं नजर आ रहा है। हाल ही में गौरी शंकर मंदिर पर हुए हमले के बाद, कनाडा में एक मंदिर में तोड़फोड़ की एक और घटना सामने आई है। कनाडा में एक राम मंदिर में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए भारत विरोधी नारे लिखे गए। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कनाडा के राम मंदिर में हुई घटना की निंदा की और अध िाकारियों से जांच करने और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। ताजा घटना 13 फरवरी को मिसिसॉगा के एक राम मंदिर में हुई थी। हालांकि, घटना के समय का पता नहीं चला है। टोरंटो में भारत के वाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को ट्वीट किया, ष्हम मिसिसॉगा में राम मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित करने की कड़ी निंदा करते हैं।

### लिखे गए खालिस्तान समर्थक नारे

मंदिर के 'फेसबुक पेज' पर लिखा गया है, "ओंटारियो के मिसिसॉगा में श्री राम मंदिर की दीवारें रात में (13 फरवरी को) गंदी कर दी गयीं। हम इस घटना से बहुत परेशान हैं और हम इस मामले पर उचित कानून प्रवर्तन प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं।

### हिंदू मंदिरों पर बढ़ते हमले

यह पहली बार नहीं है कि कनाडा में एक हिंदू मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित किया गया है। जनवरी में, ब्रैम्पटन कनाडा में एक हिंदू मंदिर को भारत की ओर निर्देशित नफरत भरे संदेशों के साथ विरूपित किया गया था, जिससे भारतीय समुदाय में आक्रोश फैल गया था। तंबर में, ठ।च्ै स्वामीनारायण मंदिर, टोरंटो को ष्कनाडाई खालिस्तानी चरमपंथियोंष द्वारा विरूपित किया गया था।






## अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों पर अत्याचार करके अपने 'नंबर' बढ़ाते हैं योगी के अधिकारी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार कह चुके हैं कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर अधिकारी झोपड़ी–पट्टी में रहने वालों और रेहड़ी–पटरी दुकानदारों को तंग नहीं करेंगे, लेकिन अधिकारी हैं कि मानते ही नहीं हैं। इसके उलट यह अधिकारी अतिक्रमण हटाने के नाम पर सबसे अधिक आसान रास्ता चुनते हुए उन लोगों के दरवाजे पहुंच जाते हैं जो इस हैसियत में नहीं होते हैं कि सरकारी अमले की कार्रवाई का विरोध कर सकें। अधिकारी अतिक्रमण हटाने के नाम पर दोहरा रवैया अपनाते हैं जबकि यूपी के सभी शहरों में वीआईपी रोड के किनारे गैर कानूनी तरीके से बने बड़े–बड़े आलीशान महलनुमा कोठियां सरकारी अमले को मुंह चिढ़ाते रहते हैं, परंतु कोई अधिकारी इन पर हाथ डालने की जुर्रत नहीं करता है। जबकि गरीबों पर सरकारी 'कोड़ा' बेहद बेरहमी से चलता है। कोई इसके विरोध की हिम्मत दिखा भी देता है तो उसका हश्र वही होता है जो कानपुर की एक झोपड़ी में रहने वाली मां–बेटी के साथ हुआ। जहां सरकारी अधिकारीध्कर्मचारी अतिक्रमण हटाने के नाम पर 'यमराज' बन गए थे। दरअसल, सरकारी अधिकारी कमजोर और गरीब जनता के खिलाफ अतिक्रमण हटाने के नाम पर जोर जबर्दस्ती करके अपनी पीठ थपथपा लेते हैं। उनको तमगे मिल जाते हैं, परंतु बड़ों का अतिक्रमण हमेशा बचा रहता है। भले ही इससे सरकार की छवि पर उलटा असर पड़ता हो, लेकिन संभवता नौकरशाही और सरकारी मशीनरी ऐसे ही चलती है। इसी को लेकर बसपा–सपा योगी सरकार पर हमलावर हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा है कि गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई में पिछड़ेपन से त्रस्त राज्य में अब बुलडोजर राजनीति से निर्दोष गरीबों की जान भी जाने लगी है। यह बहुत दुखद है। उन्होंने कहा कि सरकार अपना जन विरोधी रवैया बदले। मायावती ने कहा कि कानपुर देहात जिले में अतिक्रमण हटाने के नाम पर हुई ज्यादती व आगजनी की घटना के दौरान झोपड़ी में रहने वाली मां बेटी की मौत हो गई। 24 घंटे बाद उनका शव उठने की घटना ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से ज्यादा चर्चाओं में है। ऐसे में यूपी का जनहितकारी भला कैसे संभव है। बसपा सुप्रीमो ने कहा देश व खासकर उत्तर प्रदेश जैसे गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि से त्रस्त विशाल राज्य में भाजपा सरकार की लोगों को अति–लाचार एवं आतंकित करने वाली बुल्डोजर राजनीति से अब निर्दोष गरीबों की जान भी जाने लगी हैं जो अति–दुखद व निन्दनीय है। सरकार अपना जनविरोधी रवैया बदले। वहीं सपा ने आरोप लगाया है कि दलितों, पिछड़ों ही नहीं, ब्राह्मणों का भी लगातार उत्पीड़न हो रहा है। कानपुर देहात की घटना का जिक्र करते हुए पार्टी के ब्राह्मण नेताओं को निर्देश दिया है कि जहां भी उत्पीड़न हो वे मौके पर जाएं और जांच कर रिपोर्ट दें। जिलों में ब्राह्मण नेताओं को एकजुट कर सरकार की तानाशाही के खिलाफ आंदोलन शुरू करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# औद्योगिक विकास के लिए निवेश कुम्भ में 166 निवेशकों को प्रदान किये गये एमओयू प्रमाण–पत्र

## सहकारिता सेक्टर में सर्वाधिक रू. 1805 करोड़ के प्राप्त हुए दो प्रस्ताव और इसी सेक्टर में सर्वाधिक 70030 को मिलेगा रोजगार

बहराइच(आरएनएस)स जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आकार को वन ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने के उद्देश्य से देश तथा विदेशों से पूंजी निवेश आकर्षित करने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा, जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन, उद्यमियों, निर्यातकों एवं व्यापारियों के सक्रिय सहयोग तथा अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासो से जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र बहराइच के सौजन्य तथा आई.आई.ए. चौपटर एवं उद्योग व्यापार मण्डल बहराइच के सहयोग से आयोजित हुए निवेश कुम्भ के दौरान आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में अब तक रू. 4529.61 करोड़ के कुल 173 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिसके सापेक्ष 14 सेक्टरों में रू. 4470.61 करोड़ के 166 निवेश प्रस्ताव को एमओयू प्रमाण–पत्र निर्गत किये गये है। जिसके सापेक्ष प्रत्यक्ष रूप से 83090 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सेक्टरवार प्राप्त निवेश प्रस्तावों के सापेक्ष वितरित किये गये एमओयू प्रमाण–पत्र के वितरण की जानकारी देते हुए डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन सेक्टर अन्तर्गत रू. 1132 करोड़ लागत के 71 निवेश प्रस्ताव, उद्यान विभाग अन्तर्गत अन्तर्गत रू. 170 करोड़ लागत के 23, दुग्ध एवं डेयरी विकास सेक्टर अन्तर्गत रू. 100.21 करोड़ लागत के 09, हाउसिंग सेक्टर अन्तर्गत रू. 400 करोड़ लागत के 08, पर्यटन विकास सेक्टर अन्तर्गत रू. 77 करोड़ लागत के 06, अतिरिक्त उर्जा सेक्टर अन्तर्गत रू. 635 करोड़ लागत के 02, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेक्टर अन्तर्गत रू. 25 करोड़ लागत के 02 तथा आई.टी. एण्ड इलेक्ट्रनिक्स सेक्टर अन्तर्गत रू. 25 करोड़ लागत के 02 निवेश प्रस्तावों के सापेक्ष निवेशकों को एमओयू प्रमाण–पत्र निर्गत किये गये है। जिससे लगभग 12131 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसी प्रकार फारेस्ट सेक्टर अन्तर्गत रू. 69.90 करोड़ लागत के 10 निवेश प्रस्ताव, मत्स्य सेक्टर अन्तर्गत रू. 01 करोड़ लागत के 01, सहकारिता सेक्टर अन्तर्गत रू. 1805 करोड़ लागत के 02, तकनीकी शिक्षा सेक्टर अन्तर्गत रू. 17.50 करोड़ लागत के 04, पशुपालन एवं पशुधन विकास सेक्टर अन्तर्गत रू. 26 करोड़ लागत के 26, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सेक्टर अन्तर्गत रू. 02 करोड़ लागत के 01 तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सेक्टर अन्तर्गत रू. 02 करोड़ लागत के 01 निवेश प्रस्ताव के सापेक्ष निवेशकों को एमओयू प्रमाण–पत्र निर्गत किये गये है। जिससे लगभग 70959 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस प्रकार कुल 14 सेक्टर अन्तर्गत रू. 4470.61 करोड़ लागत के 166 निवेश प्रस्ताव जिसके द्वारा लगभग 83090 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने जिले के अधिकारियों को निदेश दिया है कि निवेश प्रस्तावों के सम्बन्ध में निवेशकों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं समयबद्धता के साथ समाधान कराया जाय। डीएम डॉ. चन्द्र ने सभी निवेशकों को आश्वस्त किया कि शासन की मंशानुरूप उन्हें अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# मौलाना सिराज मदनी ने 5 कार्यालयों का किया उद्घाटन

## आवारा पशुओं पर लगाम लगाने व साफ सफाई हेतु प्रशासन पर लापरवाही का लगाया आरोप

बहराइच। नगरपालिका परिषद चुनाव को लेकर आज मौलाना सिराज मदनी ने नगर के मोहल्लों में 5 चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन किया और 5 लोगों को मोहल्लों का इंचार्ज नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि मौलाना सिराज मदनी नगरपालिका परिषद बहराइच का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ने की तैयारी कर रहे हैं और एक टीम गठित की है जिसमें 2 सौ से अधिक लोगों को शामिल किया गया हैस यह टीम पूरे शहर में प्रचार प्रसार कर रही हैसइसी प्रचार प्रसार को बढ़ाने और ष्टीम मौलाना सिराज मदनीष को मजबूत करने के लिए आज मोहल्ला सालारगंज निकट शबीना मस्जिद में एक कार्यालय की स्थापना की गई है और मोहल्ला सालारगंज का इंचार्ज मास्टर इशरत अली को बनाया गया हैस इसी तरह मोहल्ला मंसूरगंज में एक कार्यालय की स्थापना की गई है और इंचार्ज इरफान खान को बनाया गया हैस इसी तरह मोहल्ला बशीरगंज अल्लामा इकबाल स्कूल के सामने एक कार्यालय की स्थापना की गई है और शाकिर को मोहल्ला बशीरगंज का इंचार्ज नियुक्त किया गयास इसी तरह मोहल्ला नाजिरपुरा चिल्ला कबाड़ी के बगल में एक कार्यालय की स्थापना की गई है और मोहल्ला नाजिर पुरा का इंचार्ज वफाउर्रहमान को बनाया गया है। मौलाना सिराज मदनी ने कार्यालयों के उद्घाटन के अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रसिद्ध दर्सगाह जामिया अरबिया मसऊदिया नूरूल उलूम बहराइच के दो रोजा भव्य जलसा ए दसतारबंदी की तय्यारी जोर व शोर से चल रही हैंसइस जलसा में देश के मशहूर इदारा दारूल उलूम देवबंद के मौलाना अरशद मदनी जमीअत उलमा के मौलाना महमूद मदनी इसी तरह आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व दारूल उलूम नदवतुल उलमा लखनऊ के अलावा दर्जनों मदारिस से बड़े बड़े उलमा ए किराम तशरीफ ला रहे हैंस लेकिन नगरपालिका प्रशासन बहराइच के कानों पर अभी तक जूं तक नहीं रेंगी हैस जलसा गाह के चारों ओर आवारा जानवरों का जमावड़ा लगा हुआ है। मौलाना सिराज मदनी ने प्रशासन से मांग की है कि मात्र एक दिन जलसा शुरू होने में बाकी हैं इस लिए शीघ्र अतिशीघ्र आवारा पशुओं पर लगाम लगाया जाए और साफ सफाई का बंदोबस्त किया जाए इस अवसर पर शाकिर,दाऊद,वफाउर्रहमान, हाफिज सुफियाना, हाफिज सगीर अहमद तुफैल अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

## परम्परागत अनाज से एनीमिया रोग से बचा जा सकता है : डॉ. दीपशिखा

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग द्वारा विश्व एनीमिया दिवस पर ग्राम पंचायत टोनिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 दीपशिखा चौधरी ने ग्रामसभा की महिलाओं में एनीमिया रोग के लक्षण, बचाव व समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि परंपरागत अनाज में चना, आलू, गेहूं, दाल आदि के सेवन से एनीमिया रोग से बचा जा सकता है। प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ0 सुरेंद्र मिश्र ने कहा कि हमारी रसोई किसी हॉस्पिटल से कम नहीं है। इसमें सभी बीमारियों का इलाज संभव है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, काशी नाथ रावत, प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा की शिक्षिका डॉ. सरिता पांडेय, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी व फैशन डिजाइनिंग की शालिनी पाण्डेय, विनीता पटेल, शोध छात्र रवि तिवारी, अमरीश पांडेय, विनय शर्मा, बृजेंद्र दुबे, प्रवीण सिंह, सौरभ मिश्र, अभिषेक कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न

बहराइच। गंगा व उसकी सहायक नदियों सरयू, घाघरा, राप्ती इत्यदि के संरक्षण एवं प्रदूषण के दुष्प्रभाव से बचाये जाने, पावन सरयू नदी के घाटों के पुनरूद्धार इत्यादि के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण समिति बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि प्रदूषण से नदियों व पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे आम जनमानस को जागरूक किया जाय। साथ ही नदियों, घाटों का पुररूद्वार भी कराया जाय। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि आम जनमानस को इस बात के लिए जागरूक किया जाय कि धार्मिक व सामाजिक आयोजनों तथा अन्य अवसरों पर नदियों व जलाशयों की पवित्रता व स्वच्छता को बनाये रखे। तथा प्राकृतिक जल स्त्रातो, नदियों इत्यादि में अजैविक कचरा न डाले।

डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाये जाय और उसका संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि कार्यालय परिसरों के रिक्त स्थानों पर औषधीय गुणों वाले पौधे लगाये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि आगामी वृक्षारोपण सत्र के लिए सभी विभाग गतवर्ष निर्धारित किये गये लक्ष्य में 10 प्रतिशत की वृद्धि कर स्थल, इत्यादि का चयन करते हुए तैयारी पूर्ण कर लें ताकि वृक्षारोपण सत्र के दौरान निर्धारित लक्ष्य की रोपाई की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गतवर्ष कराये गये वृक्षारोपण के सत्यापन के लिए अन्तर विभागीय सत्यापन के निर्देश दिये गये थे। सम्बन्धित अधिकारी एक सप्ताह में सत्यापन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने सचेत किया कि एक सप्ताह में सत्यापन आख्या उपलब्ध न कराने वाले अधिकारियों का वेतन बाधित करने की कार्यवाही की जायेगी। बैठक का संचालन प्रभारी वनाधिकारी संजय शर्मा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह, उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल, पयागपुर दिनेश कुमार, पीडीडीआरडीएम पी.एन. यादव, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार, प्रवर्तन ओ.पी. सिंह, डीएचओ पारसनाथ, अधि.अभि. विद्युत आर.एस. यादव व अन्य अधिकारी, समिति के सदस्य मंजू बाल्मीकि, उत्कर्ष श्रीवास्तव व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# डीपीआरओ को जांच में अधूरा मिला सामुदायिक शौचालय

## –पंचायत भवन, सेक्रेटरी भी नहीं बता पाए, कैसे हुई गड़बड़ी

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील के अमानीगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत बकचुना में बने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय व दिव्यांग शौचालय का जिला पंचायती राज अधिकारी अयोध्या दमनप्रीत अरोड़ा ने स्थलीय जांच की।जांच के दौरान सामुदायिक शौचालय, दिव्यांग शौचालय का निर्माण अधूरा पाया गया। पंचायत भवन का निर्माण भी पूरा नहीं मिला। कार्य अधूरा होने के बावजूद भुगतान करा लिए जाने के मामले में डीपीआरओ ने प्रभारी एडीओ पंचायत हरेंद्र सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार से पूछताछ हुई तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। डीपीआरओ दमनप्रीत अरोड़ा ने जब ग्राम प्रधान राजेश यादव व ग्राम पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार से पूछा कि ग्राम सचिवालय में तैनात पंचायत सहायक कहां है तो उन्होंने कहा कि कहीं गए होंगे, मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत सहायक व ग्राम पंचायत अधिकारी कभी पंचायत भवन में बैठते ही नहीं, डीपीआरओ ने जब पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन किया तो उसमें फरवरी माह 1से 2 दिन ही पंचायत सहायक आए दिखे।बकचुना गांव के उमेश कुमार तिवारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी अयोध्या के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। कि ग्राम में बने पंचायत भवन की रंगाई पुताई नहीं की गई है, और न ही कुर्सी, मेज, कंप्यूटर आदि की कोई सुविधा उपलब्ध है।नियुक्ति होने के बाद से अब तक पंचायत सहायक कभी नहीं बैठे और न ही कभी गांव में विकास कार्यों को लेकर खुली बैठक ही की गई। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी ने सांठगांठ करके बगैर इंडिया टू मार्का हैंडपंप का रिबोल कराएं ही पैसों के भुगतान कराने का आरोप लगाया था।जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा ने बताया कि शिकायत थी प्रार्थना पत्र के आधार पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तो पंचायत भवन, दिव्यांग शौचालय व सामुदायिक शौचालय के कार्य पूर्ण नहीं पाए गए हैं। 3 दिवस में कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है, यदि कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा होगा तो ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी, एडीओ पंचायत के खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## इग्नू के संचालित कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 तक

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केन्द्र में संचालित सभी कार्यक्रमों में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई। अभ्यर्थी 20 फरवरी, 2023 तक आवेदन कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इससे पहले केन्द्र द्वारा प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी, 2023 निर्धारित की गई थी। वहीं अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को बीए, बीएससी व बीकॉम कार्यक्रमों में निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा। विवि इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि इग्नू द्वारा जनवरी, 2023 सत्र के सभी कार्यक्रमों में प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 20 फरवरी, 2023 तक आवेदन कर सकते है। आवेदन करते समय अपने शैक्षिक प्रमाण–पत्रों के साथ जाति एवं आय प्रमाण–पत्र अपलोड करना होगा। इसके साथ ही पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। प्रशासनिक अधिकारी श्रीश अस्थाना ने बताया कि इग्नू के सभी पाठ्यक्रमों एवं प्रवेश की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। वेबसाइट के माध्यम से 20 फरवरी तक प्रवेश आवेदन कर सकते है।

# केन्द्र व राज्य स्वास्थ्य टीम ने परखी एमडीए अभियान की हकीकत

अयोध्या। लिम्फैटिक फाइलेरियासिस के उन्मूलन के लिए जिले में 10 से 27 फरवरी तक एमडीए अभियान चलाया जा रहा है अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई तैयारियों का हकीकत जानने के लिए केन्द्र और राज्य स्तर से आई डॉ छवि पंत, संयुक्त निदेशक एनवीबीडीसीपी भारत सरकार, डॉ वीपी सिंह, अतिरिक्त निदेशक मलेरिया और वीबीडी ध संयुक्त निदेशक, फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम उत्तर प्रदेश, विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रतिनिधि डॉ तनुज शर्मा, पाथ संस्था के स्टेट प्रतिनिधि डॉ अर्पित पटनायक, पीसीआई संस्था के स्टेट प्रतिनिधि डॉ ध्रुव सिंह व पीसीआई गवर्नमेंट ऑफ इंडिया डॉ राजश्री की टीम ने जिले का भ्रमण किया । टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा रानीमऊ के इम्तियाजनगर का भ्रमण किया । इस दौरान उन्हें सभी घरों पर मार्किंग, प्रशिक्षित टीम द्वारा लोगों को अपने सामने दवा का सेवन कराना और किसी को भी दवा का वितरण न करने जैसी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं । इसके लिए टीम ने सीएमओ डॉ अजय राजा और उनकी पूरी टीम की तारीफ की । वहीं घरों के भ्रमण के दौरान टीम को प्रतिरोधी मिले, जिन्हें प्रेरित कर अपने सामने दवा का सेवन करवाया । फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करती हुईं संयुक्त निदेशक एनवीबीडीसीपी भारत सरकार, डॉ छवि पंत ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। हाथ और पैर की सूजन (हाथीपाँव) व हाइड्रोसील (अण्डकोष का सूजन) फाइलेरिया के लक्षण हैं। इसके रोकथाम और नियंत्रण के लिए फाइलेरिया मुक्ति अभियान अंतर्गत संचालित एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) के दौरान सरकार द्वारा मुफ्त में दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा (डीईसी व अल्बेन्डाजॉल) का सेवन जरूर करें । मच्छरदानी का प्रयोग करें और अपने आसपास गंदा पानी इकठ्ठा न होने दें। अतिरिक्त निदेशक मलेरिया और वीबीडी ध संयुक्त निदेशक, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार डॉ वीपी सिंह ने बताया कि फाइलेरिया की दवा खाने से यदि किसी को पेट दर्द, उल्टी, मितली, चक्कर आना, चकत्ते पड़ना और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्या होती है, तो घबरायें नहीं बल्कि यह शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने का सबूत है। इसकी दवा आपके शरीर में फैले संक्रमण को पूरी तरह खत्म कर रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक कर टीम ने निर्देश दिया कि समाज के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और कोटेदारों के माध्यम से लोगों को यह भरोसा दिलाएं कि सभी लोग निश्चिंत होकर फाइलेरिया रोधी दवा खाएं इस दवा से कोई नुकसान नहीं होता है दवा से परेशानी सिर्फ उन्हीं को होती है, जिनके शरीर में फाइलेरिया के वाहक माइक्रोफाइलेरिया मौजूद हैं और दवा के असर से उनका खात्मा होने लगता है। ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सीएचसी–पीएचसी पर रैपिड रिस्पांस टीम हैं, जो फौरन मदद करती हैं। इस मौके पर सीएमओ डॉ अजय राजा ने जनपदवासियों से अपील किया कि फाइलेरिया की दवा खाली पेट न खाएं और स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सामने ही दवा खाएं। यह दवा गर्भवती, गंभीर रूप से बीमार लोगों और दो साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं खिलानी है। इस मौके पर नोडल अधिकारीध एसीएमओ वीबीडी डॉ अंसार अली, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद व पीसीआई संस्था के प्रतिनिधि पुनीत तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## सरोजनी नायडू की जयंती राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाई गई

बहराइच। ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा प्रोजेक्ट जागृति के अंतर्गत महिला हिंसा एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व कवियत्री सरोजनी नायडू के जन्मदिवस पर आज राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, जिला स्वास्थय शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, एंटी रोमियो स्क्वॉड की हेमलता सिंह एवं पूनम, प्रधान अबू अफसर एवं सावित्री देवी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अनीता जायसवाल, मेडिकल कालेज बहराइच के प्रोफेसर नृपेंद्र सिंह एवं प्रोफेसर गीता सिंह, चौकी प्रभारी टिकोरा मोड़, के अतिरिक्त विभिन्न गांव से आई हुई सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं, ममता संस्था के शुभम द्विवेदी, अवधेश चौधरी, एवं टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहेस कार्यक्रम में महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा और उससे जुड़े कानून की जानकारी दी गईस एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा मिशन शक्ति और महिला हेल्प लाइन नंबर 1090 की विस्तृत जानकारी दे कर जागरूक किया गया। ममता संस्था का महिला हिंसा से सम्बंधित पोस्टर अतिथियों द्वारा विमोचित किया गया।इस कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट जागृति के जिला समन्वयक डॉ यासिर हुसैन द्वारा किया गया।

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु आंदोलन को प्रभावी बनाने की कवायद

अयोध्या। आगामी दिनों में पुरानी पेंशन की बहाली हेतु संभावित आंदोलन को प्रभावशाली बनाने की कवायद में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए तहसील स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देश पर जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय मया के स. अ. ओम प्रकाश यादव को सदर तहसील, कम्पोजिट विद्यालय अस्तिकन हैरिंग्टनगंज के स. अ. संतोष कुमार द्विवेदी को मिल्कीपुर तहसील, कम्पोजिट विद्यालय गनोली शिक्षा क्षेत्र रुदौली के सहायक अध्यापक अमरेंद्र प्रताप सिंह को रुदौली तहसील, प्राथमिक विद्यालय भवनियापुर सोहावल के प्रधानाध्यापक पप्पू कुमार को सोहावल तहसील तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोरोराघवपुर तारुन के सहायक अध्यापक संतोष कुमार वर्मा को बीकापुर तहसील का प्रभारी नियुक्त किया है। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने आशा व्यक्त किया है नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा संगठन को विद्यालय स्तर पर सक्रिय और गतिशील बनाएंगे। सभी तहसील प्रभारी उन्हें जिला नेतृत्व का आभार प्रकट किया है।

## शिक्षा मित्रों ने महासम्मेलन के लिए झोंकी ताकत

अयोध्या। आगामी 20 फरवरी को लखनऊ में होने वाले शिक्षामित्र महासम्मेलन में विभाग के लिए शिक्षामित्रों ने पूरी ताकत झोंक दी है। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि 11 विकास खंडों में और नगर क्षेत्र में ब्लॉक व पदाधिकारियों को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। संरक्षक अनुज सिंह ने कहा शिक्षामित्रों से संपर्क साधा जा रहा है। बस, निजी साधन व ट्रेनों के माध्यम से लखनऊ ले जाने की तैयारी की जा रही है। प्रांतीय मंत्री अवनीश सिंह व जिला महामंत्री रामजी द्विवेदी ने बताया कि अंजनी पांडेय और राम जी द्विवेदी को पूरा , एहसानुल हक और अनिल पांडेय को मया, आरती निषाद को नगर, किरन श्रीवास्तव और आशीष सिंह को बीकापुर, नंद कुमार उपाध्याय और कुलदीप पांडे को तारुन, प्रेम द्विवेदी और पवन किशोर सिंह को मिल्कीपुर, शोर अली और दिनेश सिंह को हैरिंग्टनगंज, विजय प्रधान व महिपाल सिंह को अमानीगंज, संतोष सिंह और राजेश मिश्रा को रुदौली, शिवमूर्ति यादव, आदित्य तिवारी को मवई,राम कुमार व भरत सिंह को मसौधा,प्रीति सिंह को सोहावल का प्रभारी बनाया गया है।

# धूमधाम के साथ मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

## –भारत की शिक्षा पर आघात कर गुलाम बनाने का कार्य किया गया : मनोज

अयोध्या।सरस्वती शिशु मंदिर रामनगर कालोनी में विद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव संस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया।इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रान्त के सह प्रांत प्रचारक मनोज ने कहा कि भारत को गुलाम बनाने का काम उसकी शिक्षा को बर्दाद कर किया गया है। यह कार्य लॉर्ड मैकाले ने किया और ऐसा ही कार्य रावण ने भी किया था। त्रेता युग में भगवान राम ने गुरुकुल की शिक्षा को राक्षसों से बचाया था। सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़ें बच्चे जहां भी जिस क्षेत्र में जाएंगे संस्कारित रूप से रहेंगे। राष्ट्र निर्माण में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों की बहुत बड़ी भूमिका दिखाई देगी। नगर में ऐसे विद्यालय चलेंगे जो समाज का होगा समाज से होगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे नाका हनुमानगढ़ी महंत रामदास ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के माध्यम से बच्चों को संस्कारित शिक्षा प्रदान की जाती है हम इन्हें आगे बढ़ने का आशीर्वाद दे रहे हैं। वार्षिकोत्सव में चंदा मामा, सूर्य नमस्कार, मां सरस्वती की वंदना सहित दर्जनों कार्यक्रम संपन्न हुए। समारोह में आए हुए अतिथियों का परिचय कराते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य बृजेश नारायण सिंह ने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा विद्यालय परिवार अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है। आज का समारोह विद्यालय के नन्हे मुन्ने भाइयों बहनों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का है। विद्यालय में सांसद लल्लू सिंह के द्वारा दिए गए निधि से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण सांसद पुत्र उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। नाका हनुमानगढ़ी के महंत राम दास ,उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, , हेम चन्द पूर्वी उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान ,राजेन्द्र बाबू प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति , सुबंधु महानगर प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, यमुना ,भवानी भीख पाठक ,पूर्व प्रधानाचार्य, सह संघ चालक डॉ अजय मोहन अयोध्या महानगर , ई.रवि तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रो. आर.के. सिंह अवध विश्वविद्यालय, राज कुमार सिंह प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति , राकेश लधानी व्यापारी,मिथलेश सह प्रदेश निरीक्षक, अमित सिंह अभिभावक प्रतिनिधि नगर कार्यवाह संघ लोहिया नगर ,गिरधारी,अभिषेक सिंह, प्रवीण सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। समारोह का आभार ज्ञापन विद्यालय प्रबंधक प्रो आर के सिंह पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने किया।

## एक पेटी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार

सोहावल–अयोध्या। रौनाही थाना की पुलिस चौकी सत्तीचौरा चौकी प्रभारी रवीश कुमार यादव ने रामनगर गांव निवासी विनोद कुमार सिंह पुत्र महेश बल्द सिंह को एक पेटी देशी अवैध शराब के साथ पकड़ा पूंछने पर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 65 रुपये की पाउच 75 रूपये में बेचता हूँ जिसके विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत रौनाही थाना में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में हुए दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त प्रदीप कोरी निवासी पलिया लोहानी को पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के सहुलारा चौराहा से गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उनके विरुद्ध प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह द्वारा कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी प्रदीप कोरी को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 कृष्ण प्रताप व का0 संदीप कुमार शामिल रहे।

# बी.आर.सी मिठवल पर मनाया गया निपुण भारत मिशन जनसमुदाय जागरूकता उत्सव

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा के प्रयासों हेतु जनसमुदाय जागरूकता उत्सव ब्लॉक स्तरीय "हमारा आंगन हमारे बच्चे" आज दिनांक 15 फरवरी 2023 को बी आर सी मिठवल पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठवल राम कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम कि शुरूआत अतिथियों को शैलेश कुमार श्रीवास्तव ब्लॉक गुणवत्ता समन्वय द्वारा बैच लगाकर सम्मानित किया गया ।इसके उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निपुण लक्ष्य के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी शिक्षक , शिक्षक संकुल, आगनबाड़ी कार्यकत्री आप सभी, अभिभावकों को बच्चो की शिक्षा के प्रति जागरूक करे, जब हमारे विद्यालय के बच्चो के अभिभावक प्रेरित रहेंगे तो बच्चो को प्रत्येक दिन विद्यालय भेजेंगे, डीबीटी से प्राप्त धन का प्रयोग बच्चो के लिए ड्रेस,स्वेटर जूता –मोजा, बैग आदि लेकर करेगे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री को संबोधित कर बच्चो में पूर्व प्राथमिक स्तर पर ही हिंदी –गणित विषय का बेसिक ज्ञान खेल – खेल में देकर उन्हे आगे की शिक्षा के लिए तैयार करे। समाज और अभिभावको को विद्यालय से, बच्चो को मूल शिक्षा से जोड़े। जिससे निपुण ब्लॉक,निपुण जिला, निपुण प्रदेश और फिर निपुण भारत का निर्माण हो सके ।ए आर पी विक्रमादित्य ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए निपुण प्रदेश बनने के लिए विस्तार से चर्चा की। निपुण का अर्थ बताते हुए भारत के भविष्य निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला ।ए आर पी गणित सौरभ प्रकाश ने भी निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे बच्चे निपुण होकर नए भारत का निर्माण करेंगे निपुण भारत के लिए सतत प्रयास करने पर विस्तार से चर्चा की। बच्चो की छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया ।ए आर पी आदेश कुमार त्यागी ने नई शिक्षा नीति 2020 के प्रविधानों की चर्चा करते हुए निपुण भारत के निर्माण में बाल वाटिका और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के महत्त्व की विशेष चर्चा की ।आंगनबाड़ी सुरवाइजर इंद्रा चौधरी ने भी कहा की हम सभी कार्यकत्री अपने पूरे मनोयोग से निपुण भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी ।अनुराग वर्मा ने बच्चो के निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए पूर्व प्राथमिक में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री को सम्मान स्वरूप शिक्षक मां का दर्जा देते हुए उनके कार्यों के महत्व की चर्चा की। मनीष कुमार दूबे ने बच्चो को श्रेष्ठ मानव बनने के लिए उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पैदा करने की योजना पर बल दिया और कहा की पूर्व प्राथमिक शिक्षकधशिक्षिकाएं बच्चो की नीव बनाने में सबसे बड़ी महती भूमिका अदा करते है। रमेश चंद्र मिश्र ने निपुण भारत के निर्माण में कार्ययोजना पर चर्चा की।




कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक एवम प्राथमिक विद्यालय बाजारडीह तथा प्राथमिक विद्यालय आमा द्वारा आकर्षक टी एल एम स्टॉल लगाया गया। प्राथमिक विद्यालय आमा की छात्रा चांदनी ने मिट्टी से निर्मित भगवान बुद्ध जी की प्रतिमा का प्रदर्शन किया एवम खण्ड शिक्षा आधिकारी मिठवल को भेंट किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती इंद्रावती ने सुंदर गीत की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में रौनक बढ़ाई। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा व्यास चंद्र मौर्य ,शिवम,राम प्रसाद आदि अभिभावकों को मल्याणपर्ण कर सम्मानित किया साथ ही साथ टी एल एम प्रदर्शनी में शामिल छोटे – छोटे बच्चो को पुरूस्कृत किया। उत्सव में विजय राय ,नवनीत पांडेय,संजय कुमार जायसवाल, बृहस्पति मणि त्रिपाठी,आलोक उपाध्याय, शत्रुंजय मिश्र, महेश धर द्विवेदी, ,अंजना शर्मा ,श्रुति शुक्ला,शशि मिश्रा, रुचि अग्रवाल, अभिनीत जायसवाल, जनकनंदिनी ,पूनम मिश्रा,पूनम श्रीवास्तव,मंजू वर्मा आदि शिक्षक ,शिक्षिकाए और इंद्रावती श्रीवास्तवा ,चंदन मिश्रा ,नीता निधि पांडेय,केतकी यादव आदि भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

# सभी नलकूप संचालित हो ,किसानों को सिंचाई में कोई समस्या न होने पाये: जिलाधिकारी




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बुद्धवार को जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में डा0 अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपकृषि निदेशक द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया। जिला कृषि अधिकारी से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा लाभार्थियों के खाते में धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी नलकूप संचालित हो जिससे किसानों को सिंचाई में कोई समस्या न होने पाये तथा नहरो में पानी अन्तिम टेल तक पहुँचाना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर छुट्टा गोवंश को गौशाला में पहुँचाये। जिलाधिकारी ने किसानों के लोन के प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने का निर्देश दिया। जिला पूर्ति अधिकारी को मृतक लाभार्थियों की जांच कराकर उनका नाम काटने तथा पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने का निर्देश दिया गया। किसान सम्मान निधि के पात्र लाभार्थियों की समस्याओ का निराकरण कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। जिलाधिकारी द्वारा किसानो की अन्य समस्याओ को सुना गया तथा उसके निस्तारण हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उपकृषि निदेशक अरविंद विश्वकर्मा द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एम0पी0सिंह, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी शिवदत्त, सहायक अभियन्ता नलकूप तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बांसी में कोतवाली परिसर मे शांति समिति की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी ।होली व शिवरात्रि पर्व सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार की शाम कोतवाली परिसर मे शांति समिति की बैठक संपन्न हुई ।बैठक को संबोधित करते हुए एस डी एम प्रमोद कुमार ने कहा कि यहा के लोग काफी शांतिप्रिय है और सभी पर्व आपसी भाईचारा व सदभाव के साथ मनाते है ।हमे इस परम्परा को कायम रखना है ।यदि कही कोई दिक्कत हो तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दे ।कोतवाल अनुज सिंह ने कहा कि सभी लोग त्योहार की खुशी में शामिल हो और परम्परागत तरीके से मनाए ।लेकिन मै यह बताना चाहता हूं कि त्योहार मे खलल डालने वाले अराजकतत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा ।उन्होनें कहा कि कही भी कोई दिक्कत हो रही है तो तत्काल इसकी सूचना हमें दे ।बैठक में ई ओ विन्ध्याचल,व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, गिरीश पांडेय, रामगोपाल अग्रहरि, अरुण गुप्ता ,सालिगराम, अंशु दूबे ,विष्णू गिरि, अरविंद सिंह, आसिर अली, कृष्ण कुमार त्रिपाठी ,सैयद सफीकर्रहमान ,राम शरण मोर्या ,महताब आलम,मंजूर खान, दिनेश कुमार वर्मा,सोनू वर्मा सहित काफी संख्या में ग्राम प्रधान,सभासद व जिम्मेदार नागरिक उपस्थित थे।




## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से एस बी आई वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे



लाभांश योजनाओं को स्टैट बैंक ने अपनी वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में शामिल कर देश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगा जागरूकता अभियान चला रही है ।जिसकी शुरुआत बुधवार को सिद्धार्थ विश्व विद्यालय के प्रांगण में कैंप लगा कर किया है। लखनऊ से आए डिप्टी जनरल मैनेजर धर्मेंद्र कुमार किशोर ने फीता काट शुभारंभ किया ।उन्होंने कहा सिद्धार्थनगर के 1136 ग्राम सभाओं में कैंप लगा कर सरकार के निर्देशन में चलाए जा रहे स्कीमो के बारे में जानकारी प्रदान करे। वित्तीय सशक्तिकरण के के बढ़ावे के लिए सरकार की जो पहल है,उसको आम जन मानस तक पहुंचाया जाय, सरकार के निर्देश पर भारतीय स्टैट बैंक अपनी स्कीमो से जनहित में लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिसमे प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 436रूपये में दो लाख रुपए का बीमा,सुरक्षा बीमा की वार्षिक प्रीमियम सिर्फ बीस रुपए में दो लाख का दुर्घटना बीमा ,अटल पेंशन योजना,18 से 40 वर्ष के लोगो की 210से 1454 रूपये मासिक किस्त पर कोई दुर्घटना होने पर आठ लाख पचास हजार रुपए का लाभ उनके नामनी को प्रदान किया जायेगा। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन,व्यक्तिगत लोन, वाहन लोन,स्वरोजगार हेतु छोटी से बड़ी लोन आसान किस्तों में प्रदान करने की सुविधा है ।जिससे महिलाओं, पुरूषों को आत्मनिर्भर होने सुविधा प्रदान होगी ।भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है ।इस दौरान एल डी एम रवि कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय प्रबंधक सदर राहुल रंजन,विभागाध्यक्ष कला संकाय प्रो हरीश शर्मा,मृत्युंजय मिश्रा निदेशक एस बी आई आर.से.टी विवि शाखा प्रबंधक अंकित त्रिपाठी, डा जय सिंह यादव, डा सच्चिदानंद चौबे डा मनीष शर्मा, डा मनोज, डा ज्ञानेंद्र सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने किया बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर डुमरियागंज




स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण हॉल में बुधवार से बुनियादी भाषा एवं साक्षरता को सुदृढ़ करने के लिए दो दिवसीय शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार द्वारा किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी शिक्षकों के लिए काफी महत्वपूर्ण है इसमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से संबंधित जानकारी शिक्षकों को दी जाएगी उन्होंने सभी प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों से दमिता के साथ प्रशिक्षण लेने की अपील की। प्रशिक्षण में ए. आर. पी. अरविंद कुमार, अनूप कुमार, मुस्ताक अहमद ,ऐश्वर्या लता तथा तिलकराम एवं प्रथम संस्था के अंकित पटेल ने विभिन्न विषयों पर अलग–अलग जानकारी शिक्षकों को दी। प्रशिक्षण में अरविंद कुमार ने बताया कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत भारत में बुनियादी साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कक्षा 4 तथा कक्षा 5 के बच्चों को भाषा एंव गणित विषय में दक्ष करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। मुस्ताक अहमद व तिलकराम ने बताया कि कोरोना काल के दौरान बच्चों में लर्निंग गैप हो गया है इसकी भरपाई करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण समय–समय पर आयोजित होते रहते हैं ।निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बाल वाटिका से कक्षा 3 तक के बच्चों को भाषा एवं गणित में निपुण करने के लिए निपुण भारत मिशन का आयोजन किया जाता है। प्रशिक्षण में बच्चों का स्तरीकरण करके शिक्षा देने का सुझाव दिया गया है। अनूप पांडे ने बच्चों को बेसिक एवं एडवांस लेबल मे वर्गीकृत करके उनके शैक्षणिक स्तर को सुधारने की जानकारी शिक्षकों को दी। इस प्रशिक्षण में अनुज त्रिपाठी, दिलीप कुमार, राजेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, लवकुश विश्वकर्मा, बबलू ,अनुराग कुलश्रेष्ठ, गोपाल त्रिपाठी, कंचन चौहान, पूजा लक्ष्मी, खुशनूद, मधु यादव, हेमलता, पूनम ,आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## सीएचसी उसका बाजार में मनाया गया निक्षय दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका



बाजार में प्रधान मंत्री के निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2025 तक क्षय रोग उन्मूलन के अंतर्गत क्षय रोग को जड़ से समाप्ति के संकल्प पूर्ती हेतु बुधवार को निक्षय दिवस मनाया गया जिसमे संभावित क्षयरोगियो की स्क्रीनिंग एवं जांच की विशेष व्यवस्था के साथ मरीज के तीमारदार एवं सामान्य जनमानस को क्षयरोग के बारे मे जागरुक किया गया सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर एसके पटेल ने बताया की अभियान के दौरान कुल 18 संभावित रोगियों की जांच किया गया निक्षय दिवस महीने के हर 15 तारीख को नियमित तौर से मनाया जाएगा जिसमे अधिक से अधिक संभावित क्षय रोगियों की जांच किया जायेगा जांच में धनात्मक आए मरीजों का इलाज भी शुरू करते हुए निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत इलाज के दौरान 500 रुपए भी दिया जाएगा। अभियान मे बीपीएम मनीष पाण्डेय,बरिष्ठ प्रयोगशाला प्रवेक्षक दिग्विजय पाण्डेय, एलटी दिनेश पाण्डेय आईसीटीसी के प्रमाशदाता आशीष , अभिषेक पांडेय, आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

**छत्तीसगढ़ में तो मामला अदालत में पहुंच गया। राज्य सरकार ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने का बिल पास किया है। राज्य में आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 76 फीसदी की गई है। इसका बिल राज्यपाल के पास लंबित है। दिसंबर में मंजूरी के लिए भेजे गए बिल पर राज्यपाल की स्वीकृति नहीं मिलने पर सरकार हाई कोर्ट में गई है, जहां ...**

# नए राज्यपालों पर विपक्ष की नजर



गैर भाजपा दलों के शासन वाले जिन राज्यों में राज्यपालों से सरकार का टकराव चल रहा था उनमें से कई राज्यों में राज्यपाल बदल गए हैं। हालांकि तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में राज्यपाल नहीं बदले हैं, जहां राज्य सरकार और राजभवन में सर्वाधिक टकराव है। लेकिन बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में राज्यपालों के बदले जाने का भी बड़ा संकेत है। महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार है लेकिन वहां भी राज्यपाल बदले जाने का जश्न मनाया जा रहा है क्योंकि भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट की सरकार के साथ साथ दोनों पार्टियों के नेता राज्यपाल के विवादित बयानों से चिंता में थे और उनको लग रहा था कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी दोनों पार्टियों को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। विपक्षी शासन वाले राज्यों में सत्तारूढ़ दल के नेताओं को उम्मीद है कि नए राज्यपाल से उनको राहत मिलेगी। झारखंड के एक नेता ने कहा कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार को राहत मिली है वैसी राहत मिल जाए तो काम आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ जब तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे तब तक ममता बनर्जी सरकार को बड़ी मुश्किल हुई। राजभवन से लगातार सरकार को कठघरे में खड़ा किया। लेकिन जब से सीवी आनंदा बोस राज्यपाल होकर गए हैं तब से पश्चिम बंगाल में शांति है। क्या ऐसी शांति झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों रहेगी? बिहार में राज्यपाल फागू चौहान और बिहार सरकार के बीच कई मुद्दों पर बड़ा टकराव रहा। खास कर विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर। आरोप लगे थे कि राज्यपाल पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को लाकर भर रहे हैं। बाद में राज्य सरकार ने कुलपतियों की नियुक्ति के नियम बदले। नए बनने वाले विश्वविद्यालयों के लिए ऐसे नियम बनाए गए, जिनसे कुलपतियों की नियुक्ति में राजभवन की भूमिका समाप्त हो गई। छत्तीसगढ़ और झारखंड में एक जैसा विवाद है। दोनों राज्यों में विधानसभा से पास किए गए विधेयक मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास लंबित हैं। छत्तीसगढ़ में तो मामला अदालत में पहुंच गया। राज्य सरकार ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने का बिल पास किया है। राज्य में आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 76 फीसदी की गई है। इसका बिल राज्यपाल के पास लंबित है। दिसंबर में मंजूरी के लिए भेजे गए बिल पर राज्यपाल की स्वीकृति नहीं मिलने पर सरकार हाई कोर्ट में गई है, जहां राजभवन की ओर से कहा गया है कि किसी भी मामले में राष्ट्रपति और राज्यपाल को अदालत में पक्षकार नहीं बनाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में इस साल चुनाव हैं इसलिए राज्य सरकार जल्दी से जल्दी बढ़ा हुआ आरक्षण लागू करना चाहती है। इसी तरह का मामला झारखंड में भी है। वहां भी स्थानीयता कानून विधानसभा से पास हुआ है, जिसमें 1932 के खतियान वालों को मूलवासी मानने का प्रावधान है पर राज्यपाल ने बिल नहीं मंजूर किया। यहां तक वित्त विधेयक भी वापस लौटा दिया। दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ दल उम्मीद कर रहे हैं कि नए राज्यपाल के आने से शायद स्थिति सुधरे।

# यथार्थ बोध के कवि हैं गोस्वामी तुलसीदास



गोस्वामी तुलसीदास को युटोपियाई कवि समझने वाले सौ फीसदी गलत है। क्योंकि गोस्वामी जी सिर्फ कल्पना लोक ही नहीं रचते बल्कि वे अपने काव्य के द्वारा युगीन विषमताओं को भी प्रतिध्वनित करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास का मूल्यांकन करने में उनके द्वारा विरचित श्रीरामचरित मानस को ही केंद्र में रखा जाता है किंतु सात काण्ड में ही विभाजित कवितावली भी श्रीराम कथा के माध्यम से युगीन विषमताओं और तत्कालीन सामाजिक सच्चाई को आम जनता के समक्ष प्रस्तुत करती है। कवित्त, चौपाई और सवैया छंदों में रचित यह एक श्रेष्ठ काव्य है। आप देखेंगे तो पाएंगे कि गोस्वामी तुलसीदास के समक्ष भाषाई विभेद मिट जाता है। वे संस्कृत, अवधी और ब्रज सभी बोलियों और भाषाओं के मर्म को पहचानते हैं। वे भक्ति के साथ करुणा के यथार्थता की पहचानते हैं। वे भूख की पीड़ा को पहचानते हैं। कवितावली में ही है, खेती न किसान को भिखारी को न भीख बलि, बनिक को बनिज न चाकर की चाकरी। जीविका विहीन लोग सीद्यमान सोच बस , कहै एक एकन से कहां जाई का करी? अर्थात किसान को न किसानी मिलती थी, न ही व्यापारी को व्यापार करने का अधिकार था। लोग आजीविका विहीन थे। भुखमरी और त्रासदपूर्ण स्थिति थी। ऐसे में लोग कहते थे कि कहां जाएं और कौन सा रोजगार करें। यह अर्थ रामकथा से इतर युगीन अर्थ की प्रस्तुति है। यह हमें बतलाती है कि उस समय हमारे सनातनी समाज का कितना कष्टपूर्ण जीवन था। गौरतलब है कि जिस समय गोस्वामी जी कवितावली रच रहे थे, उन दिनों भारत में इस्लामिक सत्ता की जड़ें मुगलिया सल्तनत के रूप में जम चुकी थीं। दरअसल गोस्वामी जी इस सत्ता में व्याप्त दीन दशा को अपनी कविताओं में प्रतीकात्मक रूप से व्याख्यायित कर रहे थे। गोस्वामी तुलसीदास अपने युग और समय के प्रति अत्यंत सचेत कवि हैं। कविता के द्वारा धार्मिक स्वायत्तता की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में वे अप्रतिम हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# पूर्वोत्तर में चुनाव: कैसी इबारत लिखेगी जनता

**यूं तो पूर्वोत्तर में कभी कांग्रेस तो कहीं वाम का दबदबा रहा, लेकिन स्थानीय समस्याओं से पनपे क्षेत्रीय दलों ने राष्ट्रीय दलों को चुनौती तो पेश की मगर भाजपा ने उनसे हाथ मिला अपना दबदबा खूब बढ़ाया। वहीं घाटे में कांग्रेस रही। अब नये समीकरणों और हालात में देखना है कि पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्रीय या राष्ट्रीय दल किसके साथ जाते हैं? वैसे तीनों राज्यों के चुनाव बेहद अहम और दिलचस्प जरूर ...**

ऋतुपर्ण दवे

साल 2023 भारत के लिए चुनाव के लिहाज से बेहद अलग होगा। 9 राज्यों के चुनाव होने हैं।

तीन राज्यों में घोषणा के साथ शंखनाद हो चुका है। पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में चुनावी ऐलान के साथ राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। जिन तीनों राज्यों में चुनाव हैंय सभी में 60–60 सीटें हैं। विधानसभा के लिहाज से नगालैंड का 12 मार्च, मेघालय का 15 मार्च और त्रिपुरा का 22 मार्च को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। वहीं त्रिपुरा में 16 फरवरी को जबकि नगालैंड–मेघालय में 27 फरवरी को एक–एक चरण में मतदान होगा। नतीजे 2 मार्च को आएंगे। त्रिपुरा में अब 50 साल से ज्यादा पुराने धुर विरोधी यानी सीपीएम जो 35 साल और कांग्रेस जो 18 साल सत्ता में रहने के बाद अब गठबंधन को मजबूर हैं।

वहीं 2018 में शून्य से शिखर तक पहुंची भाजपा की राहें भी उतनी आसान नहीं दिखती क्योंकि जिस इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा यानी आईपीएफटी के साथ गठबंधन कर सत्ता में पहुंची थी उसकी मंशा पर भरोसा नहीं है। एक ओर जहां बीजेपी–आईपीएफटी गठबंधन जारी रहने की बात हो रही है, लेकिन एक अन्य क्षेत्रीय पार्टी शटिपरा मोथाय ने 2021 में शत्रिपुरा ट्राइबल ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिलय (टीटीओडीसी) चुनाव में शग्रेटर टिपरालैंड्य की मांग के साथ सफलतापूर्वक जीत हासिल कर अपनी अहमियत दिखा दी, जिससे सियासी जमीन काफी मजबूत हुई।

अब, आईपीएफटी टिपरालैंड नाम से अलग राज्य की मांग कर सियासी ताकत बढ़ा रहा है। दोनों की मांग कमोबेश एक सी हैं इसीलिए कवायद दोनों को एकजुट रखने की है, लेकिन टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत देब बर्मा की त्रिपुरा की राजनीति में नया विकल्प बनने की चाहत संबंधी कुछ इशारों से भाजपा की चिंता बढ़ गई है। त्रिपुरा का सियासी दंगल बेहद दिलचस्प होता दिख रहा है। मेघालय में 2018 में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) 20 और भाजपा ने 2 सीट जीत गठबंधन सरकार बनी। कांग्रेस 21 सीट जीत सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी सत्ता तक नहीं पहुंच सकी। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी यानी यूडीपी को 8, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी पीडीएफ को 2 सीटें मिली। एनपीपी के कोनराड संगमा मुख्यमंत्री बने, लेकिन चुनाव पूर्व जोरदार राजनीतिक उथल–पुथल जारी है।

अब एनपीपी–भाजपा के बीच दरार की बातें सुनाई दे रही हैं। थोड़ा पहले एनपीपी के दो, तृणमूल कांग्रेस के एक और एक निर्दलीय यानी 4 विधायक भाजपा में चले गए जबकि कांग्रेस के 12 विधायकों ने तृणमूल का दामन थामा तो कुछ एनपीपी में चले गए जिससे 2 कांग्रेसी विधायक ही बचे हैं उनके भी दलबदल की चर्चा है। इससे सियासी समीकरण गड़बड़ा गया। संभावना है कि एनपीपी और भाजपा दोनों अलग–अलग चुनाव लड़ें। यहां भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा तमाम क्षेत्रीय दल भी ताल ठोक रहे हैं। फिलहाल नेशनल पीपुल्स पार्टी, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट, हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, गारो नेशनल काउंसिल, खुन हैन्नीवट्रेप राष्ट्रीय जागृति आंदोलन, नार्थ ईस्ट सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, मेघालय डेमोक्रेटिक पार्टी भी चुनाव में सक्रिय है। यहां 36 सीटों में महिलाओं की जनसंख्या पुरु षों से अधिक है, लेकिन राजनीति में महिलाओं की मौजूदगी ना के बराबर है। हो सकता है इस बार यह भी मुद्दा बने।

नगालैंड में तो अनोखी सरकार है। विपक्ष है ही नहीं। सभी ने मिलकर सरकार बना डाली और चलाई, लेकिन वहां की मूल समस्या पर प्रभावी कुछ न होना अब चुनावी रण में चिंता का विषय है। वैसे भी अपनी अलग तरह की राजनीति को लेकर नागालैंड सुर्खियों में रहता है। इसके बावजूद पक्ष–विपक्ष दोनों मतदाताओं के लिए खास हैं क्योंकि विपक्ष है ही नहीं! इस बार मतदाताओं के विवेक की अग्निपरीक्षा है। नई सरकार के लिए नये–पुराने गठबंधन की फिक्र सभी को सता रही है। जहां भाजपा एनडीपीपी के साथ गठबंधन करेगी तो राष्ट्रीय जनता दल ने कई सीटों पर चुनावी संभावनाओं को टटोल भाजपा की चिंता बढ़ा दी। वहीं अपने खोए जनाधार को मजबूत करने खातिर कांग्रेस भी पीछे नहीं है।

2013 में 8 और 2018 में एक भी सीटें नहीं जीतने वाली कांग्रेस नई उम्मीदों को टटोल रही है। नगालैंड में लोग नागा शांति समाधान के पक्षधर हैं। कांग्रेस इसी का फायदा उठाना चाहती है और चुनावी वायदों में बिजली, सड़क, उद्योग, नौकरियों पर फोकस के साथ समान विचारधारा व धर्मनिरपेक्ष गठबंधन पर नजरें टिकाए है। इस ईसाई बहुल राज्य में मजबूत हिंदू विरोधी रु ख तो नागा शांति वार्ता में देरी भी अहम मुद्दे हो सकते हैं। चुनावी ऐलान के साथ ही वहां राजनीतिक हलचल जबरदस्त हैं। यूं तो पूर्वोत्तर में कभी कांग्रेस तो कहीं वाम का दबदबा रहा, लेकिन स्थानीय समस्याओं से पनपे क्षेत्रीय दलों ने राष्ट्रीय दलों को चुनौती तो पेश की मगर भाजपा ने उनसे हाथ मिला अपना दबदबा खूब बढ़ाया। वहीं घाटे में कांग्रेस रही। अब नये समीकरणों और हालात में देखना है कि पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्रीय या राष्ट्रीय दल किसके साथ जाते हैं? वैसे तीनों राज्यों के चुनाव बेहद अहम और दिलचस्प जरूर होंगे, लेकिन केवल इन्हें ही केंद्र की सत्ता का सेमीफाइनल या लिटमस टेस्ट कहना जल्दबाजी होगी।

# कट्टरता विनाश लाती है

**कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि प्रजातंत्र उन्हीं देशों में मजबूत रहता है जिनमें सभी धर्मों के अनुयायियों को बराबरी के अधिकार प्राप्त रहते हैं। हमारे देश के शासकों को सबक लेना चाहिए और ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहिए जिससे धर्मनिरपेक्षता की जड़ें कमजोर हों और पाकिस्तान की एक शायरा (फहमीदा रियाज) का भारत के बारे में लिखी गई कविता गलत साबित हो कि शतुम बिलकुल हम ...**

एल एस हरदेनिया

प्रजातंत्र उन्हीं देशों में मजबूत रहता है जिनमें सभी धर्मों के अनुयायियों को बराबरी के अधिकार प्राप्त रहते हैं। हमारे देश के शासकों को सबक लेना चाहिए और ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहिए जिससे धर्मनिरपेक्षता की जड़ें कमजोर हों और पाकिस्तान की एक शायरा (फहमीदा रियाज) का भारत के बारे में लिखी गई कविता गलत साबित हो कि शतुम बिलकुल हम जैसे निकलेश।

पाकिस्तान में एक ऐसी ट्रेन चलती है जिससे वहां के संपन्न लोग ही यात्रा करते हैं। पाकिस्तान की अपनी यात्रा के दौरान मैंने भी इस ट्रेन से यात्रा की है। यात्रा के दौरान मेरे कंपार्टमेंट में कुछ युवा उद्योगपति भी यात्रा कर रहे थे। मैंने उनसे पाकिस्तान की स्थिति के बारे में बातचीत की। उनकी बातों का लब्बो लवाब यह था कि काश हमारे यहां भी बिड़ला, टाटा अंबानी, गोदरेज, बजाज आदि होते तो पाकिस्तान की हालत ऐसी नहीं होती जैसी है। उनके कहने का आशय यह था कि यदि पाकिस्तान में मिली–जुली आबादी होती, मुसलमानों के साथ हिन्दुओं को रहने दिया जाता तो उनकी प्रतिभा का लाभ पूरे देश को मिलता। पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान बनने के बाद अपने पहले भाषण में यह स्पष्ट कहा था कि पाकिस्तान एक सेक्युलर राष्ट्र रहेगा। उन्होंने पाकिस्तान में सभी धर्मों के लोगों को पूरी सुरक्षा की गारंटी ठीक उसी प्रकार दी थी जैसे गांधी, नेहरू आदि ने भारत में सभी धर्मों के अनुयायियों को दी थी।



इन नवयुवकों की राय थी कि यदि पाकिस्तान एक सेक्युलर राष्ट्र बना रहता तो वह उतना ही मजबूत होता जितना भारत है। परंतु हमने तो हिन्दुओं को खदेड़ा, हमने उर्दू को लादने की जिद की जिसके नतीजे में हमारा देश विभाजित हो गया। हमने न तो प्रजातंत्र की जड़ें मजबूत कीं और न ही हमने आर्थिक व औद्योगिक अधोसंरचना बनाने की कोशिश की। हमने भारत के समान स्वतंत्र विदेश नीति नहीं अपनाई। हम अमेरिका के पिछलग्गू हो गए। इसके विपरीत भारत ने जहां से भी संभव हुआ बिना शर्त के सहायता स्वीकार की। भारत ने मुख्यतरू सोवियत संघ समेत समाजवादी देशों से सहायता ली। भारत ने सार्वजनिक क्षेत्र में पहला स्टील प्लांट भिलाई में सोवियत संघ की सहायता से स्थापित किया, हमने हेवी इलेक्ट्रिकल्स कारखाना भोपाल में खोला। हमने अधोसंरचना स्थापित मजबूत करने के हर संभव कदम उठाए। भुखमरी का सामना करने वाले देश के स्थान पर हम अनाज के निर्यातक बन गए। पेट्रोलियम के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भी हमने अनेक प्रयास किए।तत्कालीन पेट्रोलियम मंत्री के. डी. मालवीय ने दावा किया था कि पाकिस्तान से युद्ध के समय हमने तेल के मामले में 40 प्रतिशत से ज्यादा आत्मनिर्भरता हासिल कर ली थी। इस आत्मनिर्भरता के कारण ही हम पाकिस्तान से युद्ध जीत सके।

इसके अतिरिक्त हमने प्रजातंत्र को मजबूत करने के हर संभव उपाय किए। चुनाव समय पर हुए। संसद और विधानसभाएं पूरी जिम्मेदारी से अपना कर्तव्य निभाते रहे। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू संसद समेत तमाम संवैधानिक संस्थाओं को पूरा सम्मान देते थे। स्वतंत्र न्यायपालिका और स्वतंत्र प्रेस के मामले में उन्होंने कभी कोई बाधा नहीं डाली। इस कारण भारत एक मजबूत प्रजातंत्र बना रहा। इसके साथ ही पूरी मुस्तैदी से भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश बना रहा। यद्यपि बीच–बीच में साम्प्रदायिक संगठनों ने देश की फिजा बिगाड़ने का प्रयास किया किंतु इन संस्थाओं को देश पर हावी नहीं होने दिया गया। वर्तमान में जो पार्टी केन्द्र में सत्ता पर है वह देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने का नारा देती है। हिन्दुत्व की बात करती है। बीच–बीच में ऐसे कदम उठाए जाते हैं जिनसे अल्पसंख्यकों के मन में भय की भावना उत्पन्न होती है। यहां इस सच्चाई को ध्यान दिलाना प्रासंगिक होगा कि जिन भी देशों में धर्म आधारित सत्ता है वहां न तो प्रजातंत्र है, न ही महिलाओं के अधिकार (यहां तक कि उन्हें शिक्षा तक से वंचित कर दिया जाता है), न स्वतंत्र न्यायपालिका न ही स्वतंत्र प्रेस। यदि चुनाव होते भी हैं तो महज दिखावे के लिए। हम देख रहे हैं कि ईरान में इस्लामिक मान्यताओं व हिजाब आदि का विरोध करने वालों को उसी दिन, मात्र एक दिन की न्यायिक कार्रवाई का दिखावा कर, फांसी दी जा रही है। ऐसे लोगों में बहुसंख्यक महिलाएं हैं। इन्हें कानूनी सहायता तक उपलब्ध नहीं कराई जाती है। इस समय अफगानिस्तान में लगभग जंगल राज है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि इन देशों में सत्ता का संचालन धर्म (इस्लाम) के नाम पर हो रहा है। भारत के अनेक पड़ोसी देशों में प्रजातंत्र समाप्त हो गया है क्योंकि वहां अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का बर्ताव किया जाता है। श्रीलंका में गैर–सिंघली और बर्मा में गैर–बौद्ध सुरक्षित नहीं हैं। वहां वर्षों से सैनिक शासन है। नेपाल में बड़ी मुश्किल से प्रजातंत्र की जड़ें मजबूत हो रही हैं। नेपाल में पहले हिंदू राजा का शासन था। बांग्लादेश में धर्मनिरपेक्ष शासन है किंतु वहां भी बीच–बीच में धर्मनिरपेक्ष राज को कमजोर करने के प्रयास होते रहते हैं।



# चेतेश्वर पुजारा खेलने जा रहे हैं 100वां टेस्ट मैच, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रचने का भी मौका

भारतीय टीम के अनुभवी बैटर चेतेश्वर पुजारा अपने करियर में बेहद ही खास मुकाम हासिल करने वाले है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चेतेश्वर पुजारा 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 35 वर्षीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अपने इस मैच में इतिहास रचने के लिए भी बेकरार है।

**रच सकते हैं इतिहास**

अपना 100वां टेस्ट मुकाबला खेलने जा रहे चेतेश्वर पुजारा इस मुकाबले में इतिहास भी रच सकते है। दरअसल अब तक 12 भारतीय खिलाड़ी सौवां मुकाबला खेल चुके है मगर कोई भी इस मुकाबले में खास उपलब्धि हासिल नहीं कर सका है। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़ जैसे धुरंधर क्रिकेटरों का नाम शामिल है। कोई भी खिलाड़ी सौवें मुकाबले में शतक नहीं जड़ सका है मगर चेतेश्वर पुजारा



से उम्मीद है कि वो इस मुकाबले में शतक जड़ सकते है।

**कई खिलाड़ियों ने जड़ा है अर्धशतक**

बता दें कि कई ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने अपने 100वें मुकाबले में अर्धशतक जड़े मगर उन पारियों को शतकीय पारियों में तब्दील नहीं कर सके। इसमें वीवीएस लक्ष्मण (64 और 4 रन), कपिल देव (55 रन) सचिन तेंदुलकर (54 रन), राहुल द्रविड़ (52 और 9 रन) जैसे खिलाड़ी शामिल है।

**सन्यास लेने की नहीं जल्दबाजी**

इस 35 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने संन्यास की तिथि तय नहीं की है और वह एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहते हैं। पुजारा ने कहा,'' मैं अपने लिए लक्ष्य तय नहीं करना चाहता हूं। मैं वर्तमान में रहना चाहता हूं। मैं कितने समय तक खेलूंगा के बारे में सोचने के बजाय मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा,'' खेल का लुत्फ उठाना महत्वपूर्ण है। अपने खेल के चरम पर रहना महत्वपूर्ण है और फिर जब आप अपना योगदान देने में सक्षम नहीं रहते या अपनी योग्यता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो आप अपने अगले कदम के बारे में सोच सकते हैं। मैं अभी 35 साल का हूं और अभी मेरे पास समय है।''

**वर्ष 2010 में किया था पदार्पण**

पुजारा ने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और इसके बाद उन्होंने टेस्ट विशेषज्ञ के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई। उनके 100वें टेस्ट मैच का गवाह बनने के लिए उनका परिवार भी स्टेडियम में मौजूद रहेगा। पुजारा ने कहा,'' हां, यह मेरा 100वां टेस्ट मैच होगा लेकिन तब भी आपको टीम के लिए भूमिका निभानी पड़ेगी और आपको उस पर अधिक ध्यान देना होगा। हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण श्रृंखला खेल रहे हैं।'' उन्होंने कहा,'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टेस्ट मेरा 100वां टेस्ट मैच होगा लेकिन इसके बाद हमें दो और टेस्ट मैच खेलने हैं जो विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए हमारे लिए महत्वपूर्ण होंगे।

# क्रिकेट में टीम इंडियां का दबदबा, ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ टेस्ट में बनी नंबर वन

## अब तीनों फॉर्मेट में भारत के सिर पर ताज

भले ही टी 20 विश्वकप के सेमीफाइनल में मिली हार के



बाद टीम इंडिया की खूब आलोचना हुई थी। लेकिन 2023 के दूसरे महीने में ही टीम इंडिया ने एक बड़ा इतिहास रच दिया है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट की ताजा रैंकिंग जारी की गई है। अब भारत क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर वन टीम बन गया है। भारत ने टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर नंबर वन का ताज हासिल किया है। नागपुर में भारत को मिली एकतरफा जीत से टीम इंडिया को बड़ा फायदा हुआ है। नागपुर टेस्ट के बाद यह पहला मौका है, जब रैंकिंग अपडेट हुई है।

क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक ही साथ तीनों ही फॉर्मेट में भारत की टीम नंबर वन बनी है। भारतीय टीम ज्20 और एकदिवसीय फॉर्मेट में पहले से ही नंबर वन पर थी। ऐसे में नागपुर में मिली बंपर जीत के बाद टेस्ट में भी टीम इंडिया नंबर वन पर पहुंच गई है। नागपुर में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों से हराया था। भारत की टीम पहली बार टेस्ट में 1973 में नंबर 1 बनी थी। इसके बाद टेस्ट में नंबर एक पर पहुंचने के लिए टीम इंडिया को लंबा इंतजार करना पड़ा। 2009 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में टीम इंडिया टेस्ट में नंबर वन पर पहुंची थी। 2011 तक भारत टॉप पर रहा।

इसके बाद विराट कोहली की अगुवाई में 2016 में टीम इंडिया ने टेस्ट में नंबर वन की रैंकिंग हासिल की। 2020 तक भारत इस रैंकिंग पर काबिज रहा। तब से टीम इंडिया लगातार टॉप 3 की टीमों में शामिल थी। अब एक बार फिर से नंबर एक पर पहुंच गई है। टेस्ट रैंकिंग की बात की जाए तो भारत के पास 115 रेटिंग अंक है। ऑस्ट्रेलिया 111 के साथ दूसरे, इंग्लैंड 106 के साथ तीसरे पोजीशन पर है। वनडे भारत में 114 रेटिंग के साथ पहले पायदान पर है। दूसरे पर 112 के साथ ऑस्ट्रेलिया है जबकि 111 के साथ तीसरे पर न्यूजीलैंड है। ज्20 की बात करें तो यहां भारत के खाते में 267 रेटिंग हैं। टीम इंडिया नंबर वन पर है जबकि दूसरे पायदान पर इंग्लैंड की टीम 266 अंक के साथ है। पाकिस्तान के खाते में 258 अंक हैं।

# कीटनाशकों के छिड़काव तक ही सीमित नहीं है ड्रोन, जैविक खेती में भी जबर्दस्त गुंजाइश: सरकार

इंदौर। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन की उपयोगिता कीटनाशकों के छिड़काव से कहीं आगे की है तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती में भी इसका इस्तेमाल किये जाने की जबर्दस्त गुंजाइश है। भारत में ड्रोन उद्योग पिछले डेढ़ साल में 6–8 गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत का उद्देश्य वर्ष 2030 तक ड्रोन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनना है, जिसके लिए 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना' (पीएलआई) सहित एक उद्योग अनुकूल नीति लागू है।

यहां जी–20 के कृषि प्रतिनिधियों की पहली बैठक के इतर मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''ड्रोन को संकीर्ण दृष्टि से न देखें। सेवा के रूप में ड्रोन उपयोग की बहुमुखी क्षमता और विविधता कहीं अधिक है।'' कृषि में ड्रोन का उपयोग केवल कीटनाशकों के छिड़काव तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका इस्तेमाल भूमि के नक्शे को डिजिटल रूप देने और कृषि भूमि के सर्वेक्षण में किया जा सकता है। सिंधिया ने कहा, ''जैविक खेती के लिए ड्रोन का उपयोग भी जबर्दस्त तरीके से हो सकता है। यहां तक कि प्राकृतिक खेती में भी ड्रोन के उपयोग की जबर्दस्त गुंजाइश है।'' सरकार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने और जमीन के संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। मध्य प्रदेश वर्तमान में जैविक खेती में अग्रणी है। मौजूदा समय में खेती में ड्रोन उपयोग की अनुमति केवल कीटनाशकों का छिड़काव



करने के लिए ही है। भविष्य में कई और उपयोगों के सामने आने की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ड्रोन के कई इस्तेमाल हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प स्पष्ट है कि भारत अब अनुयायी नहीं रह सकता है और देश को दुनिया में अनजान क्षेत्रों में अग्रणी होना चाहिए। ड्रोन एक ऐसा ही क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि 2030 तक ड्रोन के लिए वैश्विक केंद्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने त्रिस्तरीय दृष्टिकोण अपनाया है। सबसे पहले सरकार ने कुछ बोझिल नियमों को दूर करते हुए एक मजबूत नीति बनाई है और कारोबार को सुगम किया है। बहुत कम समय में देश में रेड, ग्रीन और येलो जोन में ड्रोन की डिजिटल मैपिंग की गई है। दूसरे, सरकार ड्रोन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई योजना लेकर आई है। उन्होंने कहा, ''पहली बार पीएलआई योजना इस उद्योग के लिए लाई गई थी, जो अपनी शुरुआती अवस्था में था।'' उन्होंने कहा कि ड्रोन के लिए पीएलआई योजना में उद्योग के लिए करीब 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन शामिल है, जिसका आकार 2021 में केवल 60 करोड़ रुपये था। मंत्री ने आगे कहा कि पीएलआई योजना के ''बहुत अच्छे परिणाम'' मिले हैं क्योंकि कई कंपनियों ने पंजीकरण कराया है और पिछले डेढ़ साल में उद्योग का आकार 6–8 गुना बढ़ गया है। तीसरा, सरकार ड्रोन की मांग पैदा कर रही है और ड्रोन तकनीक के अनिवार्य उपयोग के लिए कृषि सहित 12 मंत्रालयों को चिन्हित किया है।

कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की पहली जी–20 कृषि उप–प्रमुखों बैठक का तीन दिन का कार्यक्रम 15 फरवरी को समाप्त होगा। इसने चार प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विचार–विमर्श किया जैसे कि खाद्य सुरक्षा और पोषण, जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण के साथ टिकाऊ कृषि, समावेशी कृषि मूल्य श्रृंखला और खाद्य आपूर्ति प्रणाली और कृषि बदलाव का डिजिटलीकरण। जी–20 कृषि कार्यसमूह की अगली बैठक चंडीगढ़, वाराणसी और हैदराबाद में होने की संभावना है।

# कतर में हुए विश्व कप के बाद फीफा को हुआ लाभ, मिली लगभग चार अरब डॉलर की राशि

जिनेवा। कतर में वित्तीय रूप से सफल 2022 फुटबॉल विश्व



कप के बाद फीफा के पास लगभग चार अरब डॉलर की धनराशि है और उत्तर अमेरिका में 2026 में होने वाले टूर्नामेंट की हॉस्पिटैलिटी और टिकट बिक्री से फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था की आय में कई अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है। फीफा ने मंगलवार को अपनी 2022 वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय रूप से मजबूत स्थिति का जिक्र किया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो के वार्षिक बोनस में छह लाख 20 हजार स्विस फ्रेंक (छह लाख 73 हजार डॉलर) का इजाफा हुआ है। उनका कर पूर्व आधार वेतन और बोनस पैकेज कुल 36 लाख स्विस फ्रेंक (39 लाख डॉलर) के अलावा फीफा की तरफ से अन्य खर्चों का भुगतान है। नवंबर में विश्व कप के दौरान फीफा ने 2022 तक चार साल के व्यावसायिक चक्र में लगभग सात अरब 60 करोड़ डॉलर के रिकॉर्ड राजस्व की घोषणा की थी।

# समुद्रों के बढ़ते जलस्तर के कारण कुछ देशों के अस्तित्व पर होगा संकटः गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सचेत किया कि यदि ग्लोबल वार्मिंग को ''चमत्कारिक रूप से''




1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित कर भी लिया जाए, तो भी समुद्र का जलस्तर काफी बढ़ेगा और बांग्लादेश, चीन एवं भारत जैसे देशों के लिये यह खतरे की बात है। गुतारेस ने कहा कि पृथ्वी के 'ग्लोबल वार्मिंग' की ऐसी राह पर आगे बढ़ने की आशंका है, जहां समुद्रों का जलस्तर बढ़ने का मतलब कई देशों के लिए अस्तित्व का संकट होगा। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि डिग्री का हर अंश मायने रखता है, क्योंकि अगर तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो समुद्र का स्तर दोगुना हो सकता है। उन्होंने समुद्र के स्तर में वृद्धि पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के उद्घाटन पर कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने की खातिर आवश्यक कदम उठाने के लिए समर्थन तैयार करने में परिषद की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस बैठक में 75 देशों ने भाग लिया। गुतारेस ने कहा कि किसी भी परिदृश्य में बांग्लादेश, चीन, भारत और नीदरलैंड जैसे देश जोखिम में हैं और काहिरा, लागोस, मापुटो, बैंकॉक, ढाका, जकार्ता, मुंबई, शंघाई, कोपेनहेगन, लंदन, लॉस एंजिलिस, न्यूयॉर्क, ब्यूनस आयर्स और सैंटियागो सहित हर महाद्वीप के बड़े शहरों पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ेगा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने मंगलवार को गुतारेस द्वारा उद्धृत आंकड़े जारी किए, जिनमें कहा गया है कि यदि तापमान में बढ़ोतरी को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित कर लिया जाता है, तो वैश्विक मध्यमान समुद्र स्तर अगले 2,000 वर्षों में लगभग दो मीटर से तीन मीटर (लगभग 6.5 से 9.8 फीट) तक बढ़ जाएगा। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के होने पर समुद्र का जलस्तर छह मीटर (19.7 फीट) तक बढ़ सकता है और पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने पर यह 22 मीटर (72 फीट) तक बढ़ सकता है। गुतारेस ने कहा कि दुनिया वर्तमान नीतियों के कारण तापमान में ''2.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी'' की ओर बढ़ रही है जो उन देशों के लिए ''मौत की सजा'' जैसा है, जिन पर खतरा अधिक है।

# ब्रिटेन के बाद अमेरिका पर होगा भारतवंशी का कब्जा!

## जानें कौंन हैं ट्रंप को चुनौती देने वाली निमरत रंधावा

अमेरिका में भारतीय मूल की एक और सीनियर नेता ने राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवारी की इच्छा जताई है। हम बात रिपब्लिकन पार्टी की बड़ी नेता निक्की हेली की कर रहे हैं। साउथ कैरोलिना की गवर्नर रहीं हेली 15 फरवरी को बड़ा ऐलान कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने भी ये



कहा है कि उन्हें निक्की की उम्मीदवारी से कोई ऐतराज नहीं है। निक्की संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की स्थायी प्रतिनिधि भी रह चुकी हैं। निक्की के एक करीबी शख्स ने पुष्टि की है कि वो 15 फरवरी को चार्ल्स्टन में घोषणा करके चुनावी दौड़ में एंट्री करेंगी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद 51 वर्षीय हेली चुनाव में दूसरी प्रबल उम्मीदवार बनने की दौड़ में अग्रसर हैं। जिन्होंने बीते नवंबर में अपनी वापसी के संकेत दिए थे। यदि हेली वाकई चुनाव लड़ने की घोषणा करती हैं तो वो एक बदलाव का प्रतिनिधित्व करेंगी। आपको बता दें कि साल 2021 में निक्की हेली ने ये घोषणा की थी कि अगर ट्रंप चुनाव लड़ेंगे तो वो राष्ट्रपति चुनाव के लिए आगे नहीं बढ़ेंगी। हालांकि इस महीने की शुरुआत में हेली ने फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में अपनी प्लानिंग में बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि ये एक व्यक्ति से बड़ा है और आप जब अमेरिका का भविष्य देख रहे हैं तो मुझे लगता है कि ये नई पीढ़ी के बदलाव का समय है।

**निक्की हेली कौन है?:** निक्की हेली 2010 में दक्षिण कैरोलिना की पहली महिला और एशियाई गवर्नर बनीं और 2014 में पुनः चुनाव जीता। दक्षिण कैरोलिना की गवर्नर बनने से पहले, उन्होंने दक्षिण कैरोलिना विधायिका में छह साल बिताए। गवर्नर के रूप में सबसे उल्लेखनीय कदमों में से एक में हेली ने 2015 में एक बिल पर हस्ताक्षर किए, जिसमें नौ काले उपासकों को एक गोरे सर्वोच्चतावादी द्वारा चर्च में मारे जाने के बाद राज्य के मैदान से कॉन्फेडरेट ध्वज को हटाने का आदेश दिया गया था। हेली ने 2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा को रिपब्लिकन प्रतिक्रिया भी दी थी और आव्रजन पर चर्चा की थी। उसी वर्ष, उन्हें टाइम द्वारा 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में नामित किया गया था। 2017 में वह संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत बनीं लेकिन अगले साल अचानक पद छोड़ दिया। अपने संक्षिप्त कार्यकाल में हेली ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से अमेरिका के अलग होने की भी घोषणा की। अपनी विचारधाराओं के संबंध में, निक्की हेली जीवन समर्थक रिपब्लिकन हैं और आप्रवासन से निपटने का समर्थन करती हैं। हालांकि हेली ने ट्रंप प्रशासन में काम किया है, लेकिन उन्होंने 2021 में 6 जनवरी को कैपिटल हमले के बाद अपने पूर्व बॉस की आलोचना की है। क्या है भारत कनेक्शन : निक्की हेली का जन्म पंजाब के एक प्रवासी परिवार में हुआ था। निमरत रंधावा यानी निक्की के माता–पिता कभी अमेरिका गए फिर वहीं बस गए। निक्की के पिता अजीत सिंह रंधावा पंजाब के तरनतारन के रहने वाले थे। लेकिन साल 1954 के बाद वो अमृतसर में बस गए। निक्की का विवाह माइकल हेली से हुआ है। निक्की हेली की शादी सिख रीति रिवाज से भी हुई और ईसाई रिवाज से भी। माइकल हेली साउथ कैरोलिना नेशनल आर्मी गार्ड में अफसर हैं। निक्की के दो बच्चे हैं, जिनका नाम रेना और नले हैं। निक्की ने भारतीय मूल की दूसरी गवर्नर और पहली महिला गवर्नर होने का गौरव भी हासिल किया है। इसके बाद 2015 में भी वो गवर्नर चुनी गईं।

# विभागीय अधिकारियों की हीलाहवाली से सामूदायिक शौचालय में लटक रहा ताला, जिम्मेदार मौन

हरदोई।विभागीय अधिकारियों की हीला हवाली से विकास योजनाएं विकास खण्ड कछौना क्षेत्र की ग्राम सभा गौसगंज की प्रभावित हैं स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्थित सामुदायिक शौचालय में 1 वर्ष से ताला लगा है या सामुदायिक शौचालय विकास खण्ड कछौना क्षेत्र की गौसगंज के मुख्य बाजार में स्थित है यहां पर दूरदराज के किसान बाजार में आते हैं काफी संख्या में दुकान में स्थित हैं सामुदायिक शौचालय बंद होने के कारण आम जनमानस को काफी दिक्कत होती है मजबूरी में खुले में शौच जाने को मजबूर हैं वहां पर मौजूद केयर टेकर नीलू ने बताया कि 1 वर्ष से मानदेय नहीं मिला है जिसके कारण सामुदायिक शौचालय बंद चल रहा है सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के लिए कोई भी खुले में शौच ना जाए परंतु विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते सरकार की मंशा पर पलीता लगाया जा रहा है इस संबंध में एडीओ पंचायत संतोष कुमार ने बताया जांच कराते हैं केयरटेकर के मानदेय पर बताया मानदेय नियमित रूप से केयर टेकर के खाते में जा रहा है ग्राम प्रधान ने बताया हमारा खाता सुचारू रूप से नहीं चल रहा है बार–बार शिकायत के नाम पर परेशान किया जा रहा है जिससे ग्राम सभा के विकास कार्य प्रभावित है ग्रामसभा में आपसी खींचतान का खामियाजा आम जनमानस को उठाना पड़ रहा है पर जिम्मेदार पूरी तरह मौन है।

# तुर्की और सीरिया के बाद न्यूजीलैंड में हिली धरती, 6.1 मापी गई तीव्रता

तुर्की और सीरिया में तबाही मचाने के बाद न्यूजीलैंड में भी धरती हिली है। न्यूजीलैंड में बुधवार को रिक्टर पैमाने पर 6.1



तीव्रता का भूकंप आया। यूरोपियन–मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर (म्डैब्) के अनुसार, वेलिंगटन के पास लोअर हट से 78 किमी उत्तर पश्चिम में भूकंप आया। सरकारी भूकंपीय मॉनिटर जियोनेट ने कहा कि झटके 48 किमी (30 मील) की गहराई पर महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र पारापरामू शहर से 50 किमी दूर था। भूकंप के कारण किसी भी तरह के जान–माल के नुकसान की कोई खबर नहीं थी। इसका केंद्र जमीन के अंदर 74.3 किलोमीटर की गहराई में था। न्यूजीलैंड में भूकंप सीरिया और तुर्की में 7.8 तीव्रता के भूकंप के लगभग 10 दिन बाद आया है। भूकंप की वजह से अब तक मरने वालों की संख्या 41,000 के आंकड़े को पार कर चुकी है। न्यूजीलैंड का चक्रवात गेब्रियल से मुकाबला : चक्रवात गेब्रियल कमजोर हो गया और न्यूजीलैंड से दूर चला गया क्योंकि देश ने महत्वपूर्ण बाढ़, भूस्खलन और तेज हवाओं से हुए नुकसान का आकलन करना शुरू कर दिया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। गैब्रियल उत्तरी द्वीप के पूर्वी तट पर अपना रास्ता बनाने से पहले रविवार को न्यूजीलैंड पहुंचे, ने कई शहरों को काट दिया, सड़कों को बंद कर दिया और घरों को पानी के नीचे छोड़ दिया।

## अधिवक्ताओं की हड़ताल से नहीं हो सकी 179 बंदियों की पेशी

देवरिया। अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह के परिवार के सदस्यों पर हुए हमले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान बंदी वाहनों से कचहरी पहुंचे 179 बंदियों की पेशी नहीं हो सकी। साथ ही मुकदमे की पैरवी के लिए दूर–दराज क्षेत्र से आए लोगों को लौटना पड़ा। इससे पहले अधिवक्ताओं ने बैठक कर आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया। सदर कोतवाली के कठिनइया गांव निवासी अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह के परिजनों पर हमले के बाद पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसको लेकर ही अधिवक्ता लामबंद हैं। सुबह से ही दीवानी कचहरी के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। उन्होंने संघ भवन में बैठक आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हुंकार भरी। इसके बाद प्रदर्शन करते हुए गेट पर पहुंचकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं की हड़ताल को देखते हुए कचहरी के आसपास काफी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे। कचहरी में 226 बंदियों की पेशी होनी थी। करीब 11 बजे 179 बंदियों को लेकर वाहन पहुंचा। अधिवक्ताओं के कारण पुलिस ने वाहन गेट के अंदर नहीं जा सके। काफी इंतजार के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच बंदियों को बिना पेश कराए जेल के लिए रवाना कर दिया। दो दिन की हड़ताल से अब तक 192 बंदियों को कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका है। इस दौरान अध्यक्ष अशोक दीक्षित, लल्लन मिश्रा, शक्तिधर पांडेय, वीरेंद्र सिंह, अरविंद साहनी, नरेंद्र यादव, अर्जुन यादव, अटल सिंह, मनोज राय, सुभाष चंद राव, सिंहासन गिरि, मनोज मिश्रा, आरपी कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि 226 बंदियों की पेशी होनी थी 179 बंदियों को पेशी के लिए ले जाया गया था, लेकिन अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के कारण बंदी वाहन कचहरी परिसर में नहीं प्रवेश कर सके।

## महराजगंज से नेपाल बॉर्डर तक बनेगी शानदार सड़क, 10 मीटर होगी चौड़ी

महराजगंज। महराजगंज– निचलौल– ठूठीबारी मार्ग नेपाल बार्डर तक टू लेन पेब्ड शोल्डर बनेगा। यह सड़क10 मीटर चौड़ी होगी। 40 किलो मीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 812 करोड़ की लागत आएगी। इसका निर्माण एन एच के द्वारा कराया जाएगा। इसका डीपीआर बनाकर मुख्यालय भेजा गया है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रदेश सरकार नेपाल बार्ड पर बेहतर सड़क निर्माण कराने की कवायद शुरू कर रही है। उसी कड़ी में महराजगंज से लेकर नेपाल बार्डर तक जो निचलौल ठूठीबारी होते सड़क बार्ड तक जाएगी। इस सड़क के सात मीटर चौड़ी होने के कारण उस पर वाहनों का अधिक लोड होने पर आवागमन बाधित होता है। उस मार्ग को बेहतर तथा टू लेन पेब्ड शोल्डर 10 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। इसके बनाने की जिम्मेदारी एन एच को दी गई है। 40 किलो मीटर लंबे इस मार्ग का डीपीआर एन एच की तरफ से बनाया गया है। इसके बन जाने से महराजगंज से नेपाल जाने के लिए वाहन चालकों को एक और बेहतर मार्ग मिल जाएगा। एनएच के जिम्मेदार लोगों का कहना है कि शासन के निर्देश पर इस सड़क का डीपीआर बनाकर मुख्यालय भेज दिया गया है। फाइल मुख्यालय में पड़ी है। वहां से स्वीकृति मिलने का इंतजार हो रहा है। स्वीकृति के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एनएच के अधिशासी अभियंता प्रभात कुमार ने बताया कि महराजगंज–निचलौल –ठूठीबारी मार्ग अभी तक 7 मीटर चौड़ा था। इसे अब टू लेन पेब्ड शोल्डर 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसका डीपीआर बनाकर शासन को भेजा गया है। फाइल मुख्यालय में पड़ी है। उसकी स्वीकृति मिलने का विभाग इंतजार कर रहा है।

## मुर्दे से काम करा खाते में किया मनरेगा मजदूरी का भुगतान

निचलौल। क्षेत्र के भेड़ीहारी गांव में एक मृत व्यक्ति के अलावा इंटर कालेज में तैनात एक शिक्षक और प्रधान की पत्नी, चाची, चाचा से मनरेगा मजदूरी करा ली गई है। उसके बाद खाते में भुगतान भी करा कर दिया गया है। इस गड़बड़झाले को कई दिनों से छुपाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन मामले को चर्चा में आने पर विभाग के अधिकारी भुगतान को वापस कराने की बात कहते हुए कार्रवाई का तर्क दे रहे हैं।एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मनाथ खरवार ने विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कहा है कि ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जारी परिवार पंजिका के साक्ष्य के आधार पर भेड़िहारी निवासी बदन की मौत 18 मई 2020 को हो चुकी है। जिम्मेदारों ने मृत बदन से जॉब कार्ड संख्या 737 पर 23 मई 2022 से 5 जून 2022 के बीच 14 दिनों तक वीरेन्द्र के खेत से बबलू के खेत तक नाला की खुदाई कार्य कराया है। जिसका मस्टरोल भर बड़ौदा यूपी बैंक बैठवलिया में मृत बदन के खाते 2,892 रुपया भुगतान किया गया है। इतना ही नहीं वर्तमान ग्राम प्रधान के नाम से जॉब कार्ड संख्या 1019 पर प्रधान की पत्नी रागिनी सिंह बढ़या सिवान सुकई के खेत तक नाली सफाई कार्य में 28 दिनों तक मजदूरी कराकर 5,964 रुपया का भुगतान खाते में कराया गया है। कृषक इंटरमीडिएट कालेज बढ़या फॉर्म में तैनात एक अध्यापक नन्दकुमार सिंह से जॉब कार्ड संख्या 292 पर 44 दिनों की मनरेगा मजदूरी कराकर मस्टरोल भर 9372 रुपया खाते में भुगतान कराया गया है। इसी तरह जिम्मेदारों ने ग्राम प्रधान के चाचा दिग्विजय सिंह के जॉब कार्ड संख्या 326 पर 44, चाची प्रतिभा सिंह के जॉब कार्ड संख्या 224 पर 44,सीमा सिंह के जॉब कार्ड संख्या 223 पर 44 दिनों का मस्टरोल भर रकम को खाते में भुगतान कराया गया है। खंड विकास अधिकारी चंद्रशेखर कुशवाहा ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराकर लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की कराई जाएगी।

## ट्रेन की चपेट मे आने से किशोर की मौत

मीरजापुर। विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गैपुरा व बिरोही के बीच डाउन लाइन रामपुर गांव के सामने सुबह शौंच के लिए जा रहे 16 वर्षीय आकाश बिंद पुत्र आशीष कुमार की नई रेल के डाउन लाइन पर मालगाड़ी की टक्कर से मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिवार में हडकंप मच गया परिजनों का रो रो कर बुराहाल था। पुलिस ने पंचायतनामा के बाद परिजनों को शव शौंप दिया। मृतक आकाश कक्षा 10 का छात्र था तीन भाइयों में बडा था। आकाश की मौत के बाद माता कुसुम देवी का रो–रो कर बुराहाल है। अष्टभुजा पुलिस चौकी के प्रभारी ने परिजनो व ग्रामीणों के कहने पर शव को पंचायतनामा के बाद परिजनों को शौंप दिया।

## प्रशिक्षण के बाद हेड कांस्टेबल को मिली उपनिरीक्षक के पदोउन्नति

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाने में तैनात हेड कांस्टेबल को प्रशिक्षण के बाद मिली पदोन्नति के फलस्वरूप उप निरीक्षक बनाया गया। पुलिस उपाधीक्षक दिक्षांतराज ने उपनिरीक्षक बने राम अवतार यादव को बैज और स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपाधीक्षक ने कहा कि लोगों की सुरक्षा और सेवा के प्रतिफल के रूप में प्राप्त पदोन्नति से थाना क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया ने कहा कि इस उपलब्धि पर थाना परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। उपनिरीक्षक बनाये जाने के उपरांत स्थानीय प्रबुद्धजन एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है। इस अवसर थाने के उपनिरीक्षक और कांस्टेबल उपस्थित रहे।

# पुलवामा में शहीद विजय की चौथी बरसी पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

भटनी। पुलवामा हमले में शहीद हुए विजय कुमार मौर्य की चौथी पुण्यतिथि पर उनके गांव छपिया जयदेव स्थित स्मारक पर पूरे दिन कार्यक्रम आयोजित होते रहे। बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनकी शहादत पर लोगों ने गर्व जताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र चौरसिया, नायब तहसीलदार सलेमपुर ने अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होकर शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि पुलवामा हमला, आतंकी संगठनों की कायराना हरकतों का परिणाम था। उसका जवाब देते हुए सरकार व देश की सेना ने अपने तरीके से बदला लेकर विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस देश के कण–कण में राष्ट्र के प्रति प्रेम बसता है।

यहां के युवा हर सुबह सेना में भर्ती होने के सपने के साथ जागता है। देवरिया जनपद का नाम शहीद विजय मौर्य ने बलिदान देकर बढ़ाया। उन्होंने कहा कि शहीद विजय मौर्य के बलिदान से यहां के युवाओं को अपने जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथी सिंह ने कहा कि देश प्रेम पर यहां की महिलाएं, बच्चे, युवा, बुजुर्ग आजादी की लड़ाई से ही अपने प्राणों की आहुति देते रहे हैं। शहीद के पिता रमायन सिंह मौर्य की हर समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन काफी गंभीर रहता है। छपिया जयदेव को शहीद विजय कुमार मौर्य ने अपनी शहादत से अमर कर दिया है। इस दौरान पिता रामायण मौर्य, पत्नी विजय लक्ष्मी, असिस्टेंट कमांडेंट राजेश मौर्य, राजन सिंह, विन्देश कुशवाहा, कैलाश यादव, नवल किशोर मिश्र, बृजेश कुशवाहा, दीपू मिश्र, रामअवतार कुशवाहा, एसओ संतोष कुमार सिंह आदि ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### पिता की प्रतिमा को एक टक निहारती रही आराध्या

भटनी। शहीद पिता को श्रद्धांजलि देने मां के साथ पहुंची आराध्या उनकी प्रतिमा का एक टक निहार रही थी। यह नजारा देख लोगों की आंखों से आंसू छलक उठे। श्रद्धांजलि देने के बाद लौटने पर आराध्या को विधायक ने गोद में लेकर घंटों दुलार किया। आराध्या ने भी विधायक से घुलमिल कर बातें करती रही। अवसर पर शहीद की पत्नी विजय लक्ष्मी, भाई अशोक मौर्य और भाभी दुर्गावती देवी की आंखें भी नम थीं।

### विभिन्न शिक्षण संस्थानों में छात्रों ने पुलवामा में शहीदों को याद किया

भटनी। नगर व देहात क्षेत्रों में पुलवामा में शहीद 40 जवानों को याद किया गया। शिक्षकों, छात्रों व लोगों ने शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि देकर उन्हें अमर बतादा। नगर स्थित केके पब्लिक एकेडमी में छात्रों ने पुलवामा की घटना को कायराना बताया। उन्होंने भारत की सेना पर गर्व जताते हुए सेना में जाने की इच्छा जताई।

# यादों के सहारे कट रही जिंदगी, शहीद का पिता होने पर गर्व

फरेंदा। बड़ा बेटा बुजुर्ग पिता की लाठी होता है, लेकिन समय से पहले वह लाठी टूट जाए तो सारे अरमान बिखर जाते हैं। पंकज त्रिपाठी सीआरपीएफ में भर्ती हुए तो सोचा था कि परिवार का सहारा अब तैयार हो गया। परिवार की जिम्मेदारी उसके कंधे पर आ गई थी। जब भी घर आते तो परिवार में खुशियां भर जाती थी। 14 फरवरी 2019 को जब मोबाइल के जरिए जानकारी मिली कि पंकज त्रिपाठी आतंकी हमले में शहीद हो गए, तो सारे अरमान टूट कर बिखर गए। इतना बताते ही शहीद के पिता ओमप्रकाश त्रिपाठी फफक कर रो पड़े। बेटे के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पिता ने बेटे के सिर पर हाथ फेरा फिर रूमाल से आंखों को पोछते हुए खुद को संभालते हुए दिखे। उन्होंने छोटे बेटे शुभम की तरफ मुड़कर देखा। मन ही मन शुभम में अपने बेटे पंकज की छवि देख रहे थे। उन्होंने कहा कि लोग शहीद का पिता कह कर पुकारते हैं, तो गर्व होता है।

छोटे भाई शुभम त्रिपाठी ने भाई के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बड़े भाई की याद हमेशा आती है। उनके न रहने से जीवन में सूनापन आ गया है। वह आज होते तो काफी अच्छा होता लेकिन दुश्मनों ने भाई को छिन लिया। उनकी कमी जीवन भर खलेगी।

### पति के शहादत पर फक्र, बेटे को भी सेना में भेजूंगी

फरेंदा। पति के शहादत के चार वर्ष बीत गए लेकिन कोई भी ऐसा दिन नहीं होगा जब उनकी याद न आती हो। उनके यादों के सहारे जीवन काट रही हूं। बेटे प्रतीक में उनकी छवि हमेशा देखती हूं। अवसर मिला तो बेटे को भी सेना में भेजकर उनके सपनों को साकार करने का प्रयास करूंगी। पत्नी रोहिणी पति पंकज त्रिपाठी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सिर उनके आगे झुका दिया। आंखों में आंसू लिए बेटे प्रतीक व बेटी वान्या को भी प्रतिमा के सामने सिर झुका कर नमन करने को कहा।

एनसीसी कैडेटो ने रैली निकाल कर भारत माता के जय के नारे लगाएः फरेंदा। पुलवामा में शहीद पंकज त्रिपाठी के शहादत के चौथी बरसी पर शहीद मेले का आयोजन किया गया। जहां पर क्षेत्र के तमाम लोग पहुंच कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं जयपुरिया इंटर कालेज के एनसीसी छात्रों ने रैली निकाल कर भारत माता के जय के नारे लगाए। एसडीएम मदन मोहन वर्मा ने शहीद के स्मारक पर पहुंच कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंकज त्रिपाठी के शहादत पर पूरे क्षेत्र को गर्व है। सीओ कोमल प्रसाद मिश्र माल्यार्पण करते हुए कहा पुलवामा में हुआ आंतकी हमला कायरता का प्रतीक है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने कहा शहीद पंकज त्रिपाठी सबके लिए हमेशा जिंदा रहेंगे। लेफ्टिनेंट एसके गौड़ ने शहीद प्रतिमा के सामने सैल्यूट करते हुए कहा कि शहीद पंकज त्रिपाठी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव त्रिभुवन नरायन मिश्र, ग्राम प्रधान शेखर यादव, समाजसेवी शशिकांत जायसवाल, प्रदीप कटियार, एडीओ पंचायत वीरेंद्र यादव, सीआरपीएफ के सेवा निवृत्त जवान विनय शंकर त्रिपाठी, राहुल त्रिपाठी, अविनाश प्रताप सिंह ने श्रद्धांजलि दी।

शहीद की शहादत पर नहीं पहुंचे जनप्रतिनिधिः फरेंदा। पुलवामा घटना के चार वर्ष बीतते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि शहीद के शहादत की बरसी भूल गए। उनके शहादत का कार्यक्रम सुबह दस बजे रखा गया था, लेकिन सायं चार बजे तक कोई भी जनप्रतिनिधि स्मारक पर नहीं पहुंचे थे। जिसको लेकर शहीद के परिजनों में मायूसी दिखी। छोटे भाई शुभम त्रिपाठी ने बताया कि शहीद मेले की जानकारी जिलास्तरीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को दी गई थी, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। समय की कमी के कारण हो सकता है न पहुंच सके हो।

## श्रद्धा व विश्वास का केन्द्र है बाबा विशेश्वरनाथ का मन्दिर

गोला गोरखपुर।उपनगर गोला के माँ सरयू पावन तट पर स्थित बिसरा गाँव में अति प्राचीन बाबा विशेश्वरनाथ मन्दिर श्रद्धा एवं विश्वास का केंद्र है।पूजा–पाठ के लिये मन्दिर पर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है।बताते चलें कि बिसरा गाँव के बाबा विशेश्वरनाथ मन्दिर पर हर सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ लगती है। मान्यता है कि लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व साधना करने वाले फक्कड़ बाबा ने नदी किनारे घने जंगल के रूप में फैले इस जगह पर जमीन के नीचे से शिवलिंग निकला देंखा और यहीं पर साधना के साथ पूजा करने लगे तब इस जंगल में लकड़हारे शिवलिंग पर जल आदि चढ़ाते थे। उसके बाद गोपालपुर स्टेट की महारानी हरिपाल कुंवरी ने रियासत की जमीन पर मन्दिर निर्माण करवाया था।कुछ वर्षो बाद मन्दिर जीर्ण–शीर्ण अवस्था में पहुंच गया।

# फुटबॉल में स्टार इलेवन की टीम बनी विजेता

महराजगंज। जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। फुटबॉल मुकाबले में स्टार इलेवन क्लब महराजगंज की टीम ने अटैक स्पोर्टिंग क्लब सिसवा को हराया। रस्सा कस्सी बालक वर्ग में पनियरा की टीम विजेता व सिसवा की टीम उपविजेता एवं बालिका वर्ग में सिसवा की टीम विजेता व फरेंदा की टीम उप विजेता बनी। बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में सिसवा के इंग्लेश शर्मा विजेता व नौतनवां के कृष्ण चौधरी उप विजेता बने। 400 मीटर में सिसवा के सुनील पासवान विजेता व सदर के विनय कुमार उप विजेता। 800 मीटर में सदर के रवि विश्वकर्मा विजेता व सिसवा के शकी चंद उप विजेता बने। बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में नौतनवां की तृप्ति मिश्रा विजेता व सदर की कविता वर्मा उप विजेता, 400 मीटर में सदर की उमा साहनी विजेता व नौतनवां की रीमा उपविजेता तथा 800 मीटर दौड़ में फरेंदा की करीना विजेता व सदर की जानकी साहनी उप विजेता बनीं। कुश्ती बालक वर्ग (60 किलो) में सत्येंद्र कुमार विजेता व प्रदीप यादव उप विजेता, 65 किलो में रवि चंद विजेता व रवींद्र यादव उप विजेता, 70 किलो में विजय यादव विजेता व अरुण यादव उप विजेता, 74 किलो में नीतेश यादव विजेता व अनुपम यादव उप विजेता बने। दूसरे दिन भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री धर्मेंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से खेल व खिलाड़ियों के विकास पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि कड़ी मेहनत व अच्छे खेल से खिलाड़ी न सिर्फ शीर्ष स्थान पर पहुंच सकते हैं, बल्कि स्वयं, परिवार, जिले व प्रदेश का नाम भी रोशन कर दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकते हैं। इस दौरान विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, जयमंगल कन्नौजिया, जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विंध्यवासिनी सिंह, उप क्रीड़ाधिकारी धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो में भी खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

ताइक्वांडो बालक वर्ग की स्पर्धा में कैडेट वर्ग में सदर के कार्तिक वर्मा को पहला व पनियरा के विशेष विश्वकर्मा को दूसरा स्थान मिला। जूनियर वर्ग में सदर के जुबेर को पहला व नौतनवां के अमन चौधरी को दूसरा तथा सीनियर वर्ग में सदर के फराज अहमद को पहला व फरेंदा के कुशहर साहनी को दूसरा स्थान मिला। बालिकाओं के कैडेट वर्ग में पनियरा की हर्षिता प्रजापति को पहला व सिसवा की दिव्यशिखा को दूसरा, जूनियर वर्ग में सदर की मुस्कान ने पहला व हर्षिता चौधरी ने दूसरा एवं सीनियर वर्ग में सिसवा की प्रिया साहनी ने पहला व सदर की सांभवी सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ताइक्वांडो स्पर्धा को कराने में अभिषेक विश्वकर्मा, आदित्य जायसवाल, रिजवान, फरमान समेत अन्य प्रशिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई।

# धूमधाम से मनाया गया वैष्णो देवी मंदिर का स्थापना दिवस,खूब बटे श्रद्धालुओं में प्रसाद

गोरखपुर 15 फरवरी।आज रेती चौक स्थिति श्री संकट मोचन काली



बाड़ी मंदिर परिसर में स्थापित माता वैष्णो देवी के मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम व् भक्तिपूर्ण वातावरण मनाया गया। स्थापना दिवस पर शहर के जाने–माने सुप्रसिद्ध भजन गायक ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ प्रकाश बाबू ने अपने भजन के माध्यम से सभी माता प्रेमियों को मंत्र मुक्त कर दिया, अपने भजन के माध्यम से देवी माता के रूपो व् गुणों का बखान किया। कालीबाड़ी मंदिर के महंत व् हिंदू धर्माचार्य श्री रविंद्र दास महाराज ने सर्वप्रथम विधि विधान से माता का श्रृंगार किया, तत्पश्चात् विधि विधान से पूजा अर्चना की,उपस्थित सभी मां भक्तों ने झांकी की खूब सराहना की ।आज के दिन के मुख्य जजमान डॉ अशोक कुमार स्मृति राष्ट्रीय सेवा परिषद के संयोजक व समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता मंजीत श्रीवास्तव( सप्पू बाबू) रहे, उन्होने देवी मां की महा आरती बड़े श्रद्धा से गुनगुनाते हुए समूह के साथ की, व् भंडारा का प्रसाद भी वितरण किए, इसी क्रम में मंदिर की स्थापिका उषा देवी ने भक्तों में प्रसाद व चुनरी बाटी। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपेंद्र मिश्रा, हरेंद्र मिश्रा, दीपक मिश्रा, ओम प्रकाश अग्रवाल ,मनोज अग्रवाल, गुड्डू चौरसिया ,गुल्लू श्रीवास्तव, इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव ,अनिल मिश्रा ,सुनील कुमार,जितेंद्र तिवारी सहित भारी संख्या में भक्तगण पुजारी गढ़ सहित समाज के हर तबके के लोग स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# एचपी डिफेंस अकेडमी में कला व विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ भव्य आयोजन

गोरखपुर।सिविल लाइंस एचपी डिफेंस अकेडमी में कला व विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन कर्नल बीपी शाही व अर्चना शाही के द्वारा हुआ।जिसमें मुख्य अथिति के साथ प्रधानाचार्य कमल थापा ने अपने अपने कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर विज्ञान व कला प्रदर्शनी का किया उद्घाटन। इस प्रदर्शनी में सभी वर्ग के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों द्वारा बनाये गए विभिन्न मॉडल वर्षा जल संचय,इको सिस्टम,थ्रीडी होलोग्राम, वर्किंग मॉडल,फव्वारा,हाइड्रोलिक ,रोबोटिक हैंड,वाइस कंट्रोल कार,डिजिटल मैप ,वर्किंग मॉडल ऑफ डे एंड नाईट,एयर क्रॉफ्ट और वेस्ट मटेरियल रद्दी ,प्लास्टिक,बोतल,अखबार,गोबर आदि का प्रयोग करते हुए बच्चों द्वारा सजावटी समान व उपयोगी वस्तुएं बनाई गई। क्लास 9 के बच्चों को रामानुज प्रोजेक्ट,इलेक्ट्रिक जनरेटर बाय ट्रेस के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया। द्वितीय पुरस्कार क्लास 7 के बच्चों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए दिया गया। तृतीय पुरस्कार क्लास 6 के बच्चों के वेर्किंग मॉडल ऑफ जनरेशन सन्सटेंबल को दिया गया। डिजिटल मैप और वर्किंग मॉडल ऑफ फाउंटेन के लिए बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। हिस्ट्री वर्ग में बच्चों ने द गोल्डन ऐज ऑफ आवर हिस्ट्री (गुप्तकाल) का मॉडल प्रदर्शित किया व सती प्रथा के विषय पर भी मॉडल प्रस्तुत किया गया। वही हिंदी वर्ग के बच्चों ने वचन, स्वर,भाषा आदि का मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को साबित किया। इस प्रदर्शनी में क्लास 4,5,6,7,8 व 9 वी के बच्चों के द्वारा आवत सारणी के गुण ,विद्युत चुम्बकीय प्रेरण,ऊर्जा संरक्षण, इको सिस्टम ,वाटर साइकिल, इलेक्ट्रिक बोट विभिन्न मॉडलों द्वारा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दर्शक एवम अभिभावकों ने बच्चों द्वारा किये गए प्रयासों का मुक्त कंठ से प्रशन्सा की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कर्नल बी0पी0 शाही, श्रीमती अर्चना शाही ,प्रधानाचार्य कमल थापा व सभी शिक्षक गण का उत्कृष्ट योगदान रहा।



## तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को दी बधाई

गोरखपुर। तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पांडेय ष्राजूष ने नवनियुक्त हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के गोरखपुर आवास पर उन्हें बुके देकर राज्यपाल बनने पर बधाई व्यक्त की। उपरोक्त क्रम में श्री राजू ने माननीय शिव प्रताप शुक्ला जी के राजनैतिक जीवन की प्रशंसा करते हुए कहा कि निर्विवाद निष्पक्ष और कर्मठ राजनैतिक व्यक्तित्व के धनी हैं और राजनैतिक जीवन में त्याग और समाज के प्रति उदारता पूर्ण समर्पण और समाज सेवा का परिणाम है कि राजनैतिक जीवन में राज्यपाल पद तक की यात्रा उनके सफल राजनैतिक जीवन का परिचायक है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पांडे राजू के साथ–साथ उनके समर्थक उपस्थित थे।



# बर्डपुर में पुलवामा शहीद दिवस की बरसी पर कैंडल मार्च

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर। पुलवामा शहीद दिवस की बरसी पर मंगलवार की सायं काल नगर पंचायत कपिलवस्तु के समाजसेवियों की अगुवाई और सांसद जगदम्बिका पाल एवं विधायक श्यामधनी राही की उपस्थिति में बैंक चौराहे से बुद्ध चौक तक भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जयकारों के साथ कैंडल मार्च निकालकर अमर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च नगर के बैंक चौराहे से शुरू होकर बुद्ध चौक पर समाप्त हुई जहां सभी ने चौक पर स्थित सिद्धार्थ की प्रतिमा के चारों ओर कैंडल लगाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया।




इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि अमर सपूतों का बलिदान हम देशवासियों को सदैव राष्ट्रहित हेतु अपने प्राणों को आहुति देने की प्रेरणा देता रहेगा। पुलवामा आतंकी हमले में हमारे देश के कई सैनिक शहीद हुए थे लेकिन जिसके जवाब में वीर सैनिकों ने सर्जिक स्ट्राइक कर उन आतंकियों को करारा जवाब दिया था। सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना की सी आर पी एफ की टुकड़ी के काफिले पर आतंकवादियों ने आतंकी हमला किया था। इस आतंकी हमले में देश के चालीस वीर जवान शहीद हुए थे। उन वीर जवानों के बलिदान को देश सदैव स्मरण रखेगा। देश की खातिर जान गवाने वाले वीरों को देश कभी नहीं भूल सकता। भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने कहा कि वीरों के बलिदान के कारण ही आज देश सुरक्षित है। ऐसे वीरों को आज पूरा देश नमन कर रहा है। देश की सीमाओं पर हमारे बहादुर डटकर खड़े हैं। उनको हमारे वीरों की कुर्बानियों की गाथाएं मजबूत बनाती है। शहीदों के कारण देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। उनको कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, भाजपा बर्डपुर मंडल प्रभारी सिद्धार्थ पाठक, मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह हरीशचंद्र अग्रहरी, प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा ,डॉ अरुण प्रजापति, ओम प्रकाश यादव, डा० प्रमोद यादव, शुद्धोधन चौकी इंचार्ज शभाशंकर यादव, फूलचंद जयसवाल, राजकमल जयसवाल, राजेश वर्मा, विवेक गोस्वामी, सत्यप्रकाश मद्धेशिया, रामगोपाल, श्याम प्रकाश जयसवाल, सुरेंद्र यादव, विनय राव, सुनील कुमार, विजय जयसवाल , राकेश मिश्रा, शंभू नाथ, विनय कुमार वर्मा , जयराम,बलराम जयसवाल , रामकुमार यादव, अमरजीत, सिद्धार्थ गौतम, आलम, अवधेश मोदनवाल,पुनीत जयसवाल, जे पी सिन्हा, परशुराम साहनी, विद्यासागर, अफजल हुसैन आदि ने अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित किया

# महिलाओं के साथ हुई कानपुर देहात की घटना अमानवीय

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्यपाल को नामित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन लेने के लिए जिला प्रशासनिक अधिकारी ओमकार नाथ यादव आए उन्हीं को ज्ञापन दिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि कानपुर देहात में स्थानीय प्रशासन ध्पुलिस विभाग द्वारा जिस प्रकार से अतिक्रमण हटाया गया ,जिससे विभाग के इस कार्य से परेसान होकर कृष्ण कुमार दीक्षित की पत्नी और बेटी द्वारा अपना जीवन समाप्त कर दिया गया यह एक हृदय विदारक घटना है इसी को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन दिया गया कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और इसमें लिप्त प्रशासनध्शासन के जो भी लोग हैं उनके ऊपर उचित कार्यवाही होनी चाहिए । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने कहा कि सरकार जिस प्रकार से महिलाओं की रक्षा की बात करती हैं ये घटनाएं दर्शाती है कि किस प्रकार से महिलाओं की रक्षा की जा रही है, उत्तर प्रदेश में लगातार ब्राह्मण पर हो रहे अत्याचार या दर्शाते हैं कि सरकार की मंशा क्या है पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए,




सेवादल के जिला अध्यक्ष कौसलेश पाठक ने कहा कि लगातार बुलडोजर जो चलाए जा रहे हैं उसमें मानवता को भी ध्यान देना चाहिए और किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए । जिला उपाध्यक्षध्च.ब. ब. जितेंद्र पासवान ने कहा कि जिस प्रकार से वर्तमान सरकार द्वारा सामान्य वर्ग ,अनुसूचित जातिध् जनजाति व्यक्ति के साथ अत्याचार हो रहे हैं सरकार की मनसा को दिखाते हैं । मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सेतराम केसरी, जिला उपाध्यक्ष विमला मौर्या ,जिला महासचिव राजबली पांडे, राजू भारती,सेवादल सहर अध्यक्ष शैलेंद्र चतुर्वेदी,ब्लॉक अध्यक्ष राबर्ट्सगंज अमरेश देव पांडे,ब्लॉक अध्यक्ष घोरावल लल्लूराम पांडे,शाहगंज नगर अध्यक्ष पंकज मिश्रा,निर्मला देवी,मोहन बिहार,धर्म चौबे, शीतला सिंह पटेल,रामप्यारे सिंह गौड़ उपस्थित रहे ।

# अर्थदंड की समूची धनराशि 30 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। 3 वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी आशीष पटेल को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 30 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 14 मई 2020 को शाहगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ तीन माह पूर्व से डाभा गांव निवासी आशीष पटेल पुत्र राजबहादुर पटेल शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करता रहा। बेटी को मोबाइल फोन भी दिया था जिससे वह बात करता था। इसकी जानकारी होने पर जब आशीष से शादी करने के लिए कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में आशीष पटेल पुत्र राजबहादुर पटेल निवासी डाभा, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी आशीष पटेल को 10 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## युवक पर किशोरी ने लगाया छेड़खानी करने का आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर अपने ही गांव के एक युवक पर छेड़खानी करने का गंभीर आरोप है। घटना बुधवार सुबह 9.00 बजे की है। पीड़िता ने थानाध्यक्ष को दिए तहरीर में कहा है कि वह बुधवार को प्रातः 9बजे घास काटने गई थी जहां उसे अकेली देख गांव के ही एक युवक शिव शंकर उर्फ शेषमणि उसके साथ जबरदस्ती करने लगा तथा उसे गलत तरीके से छुआ, जिससे वह डर गई। जिसपर आरोपी मौके का फायदा उठाने लगा। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर उक्त आरोपी ने उसके साथ मारपीट किया, जिससे काफी चोटें आईं। पीड़िता किसी तरह वहां से भाग कर अपने घर पहुंची। पीड़िता ने थानाध्यक्ष से उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह यादव ने कहा कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की असीम संभावनाएं : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**संवाददाता**

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति सिर्फ सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की असीम संभावनाएं भी हैं। आयुष हेल्थ टूरिज्म पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए तो प्रदेश के इस पहले आयुष विश्वविद्यालय के आसपास हर गांव और घर–घर को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है।

सीएम योगी बुधवार दोपहर बाद पिपरी, भटहट स्थित प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में ओपीडी सेवा का शुभारंभ करने के बाद यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। बटन दबाकर ओपीडी की शुरुआत करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि टूरिज्म के अनेक अवसरों में महत्वपूर्ण अवसर हेल्थ टूरिज्म में भी है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। आयुष विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म में नए अवसर देगा। यहां सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री के कोर्स चलेंगे। युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा। घर–घर आयुष के नए–नए कार्य मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां अच्छी मिट्टी, पानी के साथ ही बड़ा जंगल भी है। यहां के आयुष हेल्थ टूरिज्म से जुड़ने पूरी दुनिया आएगी।

**'किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए रोजगार के खुलेंगे द्वार':** मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए नौकरी–रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। लोग आसपास उगने वाली जड़ी बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। किसानों को औषधीय खेती से ज्यादा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय व्यापक पैमाने पर रोजगार और सकारात्मक परिवर्तन का कारक बनेगा। कोई जड़ी बूटियों के संग्रह से जुड़ेगा, कोई औषधीय पौधों की खेती से जुड़ेगा, कोई नौकरी व दुकानदारी से जुड़कर आगे बढ़ेगा। सबको नए नए अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने सबका आह्वान किया कि विकास प्रक्रिया से जुड़कर उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान दें।

**'महादेव शिव व गोरक्षनाथ के प्रति सच्ची श्रद्धा का भाव है आयुष विश्वविद्यालय':** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ दिन में महाशिवरात्रि का पर्व आ रहा है। यह पर्व देवाधिदेव महादेव भगवान शिव को समर्पित है। शिव की ताकत का एहसास अनिर्वचनीय है। उन्होंने जहर को भी समभाव से आत्मसात कर लिया। वह सिर्फ कल्याण ही कल्याण करते हैं। हानिरहित चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेद, योग, होम्योपैथ, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी आदि को समाहित करने वाला विश्वविद्यालय खुलना भगवान शिव और शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ के प्रति सच्ची श्रद्धा का भाव है।

**'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की राह पर यूपी':** सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से उत्तर प्रदेश एक जिला एक मेडिकल कॉलेज का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में बढ़ चला है। पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में सिर्फ गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था। कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बिहार और नेपाल तक के लोग बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही आते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने अच्छी सरकार चुनी तो परिणाम सबके सामने है। जो बीआरडी मेडिकल कॉलेज बंदी की कगार पर था, आज वहां सुपर स्पेशियलिटी सेवा उपलब्ध है। गोरखपुर में एम्स भी स्थापित हो गया है। देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, में मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुके हैं। महराजगंज और संतकबीरनगर में मेडिकल कॉलेज बनने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में प्रदेश के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज होगा।





**'उत्तर प्रदेश आयुर्वेद और आयुष की धरती':** सीएम योगी ने कहा कि मॉडर्न मेडिसिन के साथ परम्परागत आयुष पद्धतियों से सम्पूर्ण आरोग्यता प्रदान कराने की दिशा में भी तेजी से कदम बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुर्वेद और आयुष की धरती है। इसीलिए भगवान को भी बार बार उत्तर प्रदेश की धरती पर अवतरित होना पड़ा। उत्तर प्रदेश की परम्परागत आयुष पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए ही सरकार गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय बना रही है। सीएम योगी ने कहा कि 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी। आज ओपीडी शुरू हो रही है। छह से आठ माह में यहां आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ योग, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति आदि से उपचार की बेहतरीन सुविधा भी उपलब्ध होने लगेगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि भगवान धन्वंतरि की जन्मस्थली उत्तर प्रदेश को उनकी जयंती तक आयुष विश्वविद्यालय का मुख्य भवन को भव्य रूप से देख सकें। नए सत्र में विश्वविद्यालय में भी प्रवेश प्रारम्भ हो सके।

**'यूपी में ही मिलेगा काम, बाहर जाने की आवश्यकता नहीं':** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश में निवेश करने को इच्छुक है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इनसे करीब 95 लाख लोगों को नौकरी व रोजगार मिलेगा। पहले यूपी के नौजवानों को दूसरे राज्यों, देशों में रोजगार के लिए जाना पड़ता था। अब उन्हें यूपी में ही रोजगार मिलेगा, बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब दूसरे राज्यों के लोग यहां रोजगार की तलाश में आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा ऊर्जा का इस्तेमाल हमें समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए करना है। मुख्यमंत्री ने कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं। अब सभी जनपदों का समान रूप से विकास होगा।

**'स्टालों का अवलोकन किया मुख्यमंत्री ने, बच्चों का कराया अन्नप्राशन':** फीता काटकर ओपीडी सेवा की शुरुआत तथा ओपीडी भवन के सभी कक्षों का निरीक्षण करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओपीडी भवन के बगल में आयुर्वेद विभाग, बाल विकास परियोजना, आजीविका मिशन के स्टालों का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी ली। बाल विकास परियोजना के स्टाल पर मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारकर उनका अन्नप्राशन कराया। तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा चॉकलेट–खिलौना का उपहार देकर उन्हें आशीर्वाद दिया। नन्ही बालिकाओं–बालकों को एजुकेशन किट व अन्य उपहार देकर खूब पढ़ने, खूब आगे बढ़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयुष विश्वविद्यालय पर एक शार्ट फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# आलू के जूस को अपनी डाइट में करें शामिल, मिलेंगे ये 5 प्रमुख लाभ



आलू का जूस पोटैशियम, कैल्शियम, आयरन, फॉस्फोरस और कॉपर सहित कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह जूस इम्यूनिटी बढ़ाने, अर्थराइटिस का प्रभाव कम करने, लीवर को डिटॉक्स करने और अल्सर से राहत दिलाने जैसे कई लाभ दे सकता है। ऐसे में इसे डाइट में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है। आइए आज हम आपको आलू के जूस के सेवन से मिलने वाले पांच प्रमुख फायदे बताते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार

आलू के जूस में मौजूद विटामिन– सी की पर्याप्त मात्रा इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ कई तरह के संक्रमण और बीमारियों से शरीर को सुरक्षित रखने में मदद कर सकती है। विटामिन– सी शरीर में कोलेजन का उत्पादन बढ़ाने में भी मदद कर सकता है और हानिकारक मुक्त कणों से शरीर की रक्षा कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह शरीर में व्हाइट ब्लड सेल्स के उत्पादन को बढ़ाने में भी सहायक माना जाता है।

पेट के अल्सर से कर सकता है बचाव

हाई एसिड, शराब के अधिक सेवन और तनाव आदि के कारण पेट में अल्सर हो सकता है। ऐसे में आलू का जूस एक एंटी–बैक्टीरियल प्रोबायोटिक ड्रिंक की तरह काम करके पेट में अल्सर होने की संभावना को काफी कम करने में मदद कर सकता है। अध्ययनों के अनुसार, आलू का जूस पेट की सूजन को कम करने और पेट के कई संक्रमणों को खत्म करने में मदद कर सकता है।

हड्डियों को दे सकता है मजबूती

आलू के जूस में उच्च मात्रा में मैंगनीज मौजूद होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद कैल्शियम ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की बीमारी) के जोखिम कम करने में मदद कर सकता है और हड्डियों को काफी मजबूत भी बना सकता है। आलू के जूस में एलेगिक एसिड भी होता है, जो हड्डी के फ्रैक्चर का खतरा कम करने में भी मदद करता है।

हाई कोलेस्ट्रॉल का खतरा होगा कम

हाई कोलेस्ट्रॉल का अनियंत्रित स्तर हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकता है। ऐसे में इसे नियंत्रित रखना जरूरी है।

एक शोध के अनुसार, आलू के जूस में मौजूद विटामिन– ए, विटामिन– बी कॉम्पलेक्स और विटामिन– सी हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम कर सकते हैं। यह फाइबर से भी भरपूर होता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

कैंसर से बचाव करने में है सहायक

आलू के जूस में मौजूद एंटी–कैंसर प्रभाव शरीर की स्वस्थ और सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना कोशिका के माइटोकॉन्ड्रिया पर हमला करके 40 से अधिक प्रकार की कैंसर कोशिकाओं को खत्म कर सकता है। दरअसल, यह प्रभाव कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकता है और शरीर को कई तरह के कैंसर से सुरक्षित रख सकता है। ऐसे में आपका अपनी डाइट में आलू के जूस को शामिल करना काफी लाभदायक साबित हो सकता है।

## कभी सीआईडी तो कभी पंजाबी एक्ट्रेस बन निधि तापडिया ने पकड़ा पृथ्वी शॉ का दिल

पृथ्वी शॉ ने एक फोटो पोस्ट कर अपने फैंस के होश भी उड़ा दिए है। पृथ्वी शॉ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक मॉडल के साथ



तस्वीर पोस्ट की और उसे इस क्रिकेटर ने अपनी पत्नी बता दिया है। पृथ्वी शॉ के साथ फोटो में उस लड़की का चेहरा तो नहीं दिख रहा है लेकिन इस क्रिकेटर ने निधि तापडिया को उसमें टैग भी कर दिया है। बता दें निधि तापडिया एक्ट्रेस और मॉडल हैं। 22 वर्ष की इस मॉडल ने वीडियो सॉन्ग्स के अलावा मशहूर क्राइम बेस्ड टीवी शो सीआईडी में भी दिखाई दे चुकी है। निधि तापडिया के पृथ्वी शॉ से रिश्तों की खबर बहुत वक्त से चल रही थी लेकिन अब इस क्रिकेटर की इंस्टाग्राम स्टोरी ने इसे सही साबित कर दिया है। खबरों का कहना है कि शॉ ने इस फोटो को पोस्ट करने के बाद उसे कुछ देर के उपरांत डिलीट भी किया। निधि तापडिया ने वर्ष  2016 में महज 16 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था। तापडिया ने सीआईडी शो में काम करने के अलावा साल 2019 में पंजाबी गाने जट्टा कोका के वीडियो में काम किया इससे निधि काफी पॉपुलर हो चुकी है। निधि तापडिया महाराष्ट्र के नासिक की रहने वाली हैं। तापडिया कॉमर्स की ग्रेजुएट हैं। निधि तापडिया ने हाल ही में तब सुर्खियों में आई थी जब उनके एक पोस्ट पर पृथ्वी शॉ ने कमेंट भी कर दिया है। निधि ने लिखा था–प्यार से लोग मुझे लैला बुलाते हैं। इसपर पृथ्वी शॉ ने कमेंट किया–कौन हैं ये लोग दोस्त।




## सलमान के साथ काम करने को बेताब आमिर, दिया अपने होम प्रोडक्शन की फिल्म का प्रस्ताव



आमिर खान पिछली बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आए थे। इस फिल्म से उन्होंने बड़े पर्दे पर वापसी की थी, लेकिन उनका यह कमबैक असफल रहा। ना सिर्फ फिल्म को बायकॉट का सामना करना पड़ा, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी बुरी तरह पिटी। अब आमिर ने सलमान खान के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने सलमान को अपने होम प्रोडक्शन की एक फिल्म का प्रस्ताव दिया है। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बीते महीनों में सलमान और आमिर कई बार मिले हैं। आमिर ने सलमान के सामने एक नई फिल्म की पेशकश की है, जिसे वह अपने प्रोडक्शन हाउस आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाने के इच्छुक हैं। निर्देशन की बागडोर आरएस प्रसन्ना को सौंपी गई है। पिछले छह महीने से आमिर निर्देशक के साथ अपनी इस फिल्म के काम पर लगे हैं। आमिर के मुताबिक, सलमान ही उनकी कहानी के साथ न्याय कर सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सलमान ने भी इस फिल्म में दिलचस्पी दिखाई है। अगर बात बन जाती है तो ऐसा पहली बार होगा, जब सलमान और आमिर बतौर अभिनेता और निर्माता किसी फिल्म से जुड़ेंगे। आमिर ने पहली बार अपने करियर में सलमान को अपनी किसी फिल्म का प्रस्ताव दिया है। यह फिल्म आमिर के दिल के बेहद करीब है और वह सलमान के साथ अपने इस नए सफर को शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

प्रसन्ना को शुभ मंगल सावधान के लिए जाना जाता है। इसका निर्देशन उन्होंने ही किया था। फिल्म में आयुष्मान खुराना लीड रोल में थे। प्रसन्ना ने हिट तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म कल्याणा समायल साधम का निर्देशन भी किया था और इसकी कहानी भी लिखी थी।

आमिर और सलमान पहली बार और आखिरी बार फिल्म अंदाज अपना अपना में नजर आए थे। इस फिल्म में सलमान ने प्रेम तो आमिर ने अमर का किरदार निभाया था। अमर–प्रेम की जुगलबंदी दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। यह फिल्म 1994 में रिलीज हुई थी। इसकी गिनती बॉलीवुड की सबसे सफल कॉमेडी फिल्मों में होती है। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में करिश्मा कपूर और रवीना टंडन भी अहम भूमिका में थीं।

सलमान फिल्म किसी का भाई किसी की जान में दिखेंगे, जिसका पिछले दिनों टीजर रिलीज हुआ और प्रशंसकों ने उस पर दिल खोलकर प्यार लुटाया। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ बनी है। टाइगर 3 की राह भी दर्शक बेसब्री से देख रहे हैं। इसमें कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी अहम भूमिका में हैं। सलमान की फिल्म बजरंगी भाईजान के सीच्ल पवनपुत्र भाईजान का भी दर्शकों को काफी समय से इंतजार है।

## उर्वशी के फैंस को लगा बड़ा झटका, कांतारा 2 में नजर नहीं आएगी एक्ट्रेस

अभी तो कांतारा 2 में उर्वशी रौतेला के कास्ट होने की खबर



भी सामने आई थी। फैन्स थोड़े खुश हुए थे। कहने लगे थे कि ऋषभ पंत नहीं तो ऋषभ शेट्टी ही अभिनेत्री के लिए ठीक हैं। और अब इनके फिल्म में नजर न आने की बात भी सामने आने लग गई है। दरअसल, हुआ ऐसा था कि उर्वशी रौतेला ने कांतारा सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी संग सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी साझा की है। इसके साथ ही कैप्शन में एक्ट्रेस ने फैन्स को हिंट दिया था कि वह कांतारा 2 में दखाई देने वाली है। जैसे ही यह खबर आग की तरह फैलनी शुरू हुई, मूवी के प्रोडक्शन हाउस से इस बारे में जानने का प्रयास भी किया है। प्रोडक्शन हाउस से जुड़े एक सूत्र के हवाले से पता लगा कि उर्वशी मूवी का भाग नहीं हैं। फैन्स केवल सुनी–सुनाई बातों पर यकीन भी करने ,लगे है। एक्ट्रेस के साथ मूवी में काम करने को लेकर कोई बात नहीं हो पाई है। प्रोडक्शन हाउस के सूत्र ने मीडिया संग बातचीत में बोला है कि, उर्वशी रौतेला के कांतारा 2 में कास्ट करने को लेकर जो बातें चल रही हैं, वह बेसलेस हैं। अफवाह मात्र हैं। खबरों का कहना है कि उर्वशी अचानक से उसी जगह उपस्थित रहीं, जहां ऋषभ शेट्टी भी है। अभिनेत्री ने कांतारा फेम स्टार से मिलने की गुजारिश की और वह मिल लिए। जिसके उपरांत अभिनेत्री ने अजीब कैप्शन के साथ फोटो पोस्ट कर दी। इतनी देर में फैन्स के बीच बातें बनने लगीं। उर्वशी मूवी का हिस्सा नहीं हैं।

# पतली और नुकीली नाक दिखाने के लिए इस्तेमाल करें ये मेकअप टिप्स



नुकीली और पतली दिखने वाली नाक सभी महिलाओं को पसंद होती है क्योंकि यह आपके चेहरे को अधिक आकर्षित और सुंदर बनाती है। ऐसी नाक पाने के लिए कुछ सेलिब्रिटी प्लास्टिक सर्जरी भी करवाती हैं। हालांकि, कुछ मेकअप टिप्स की मदद से महिलाएं पतली और नुकीली नाक का लुक पा सकती हैं। आइए आज हम आपको इसके लिए कुछ बेहतरीन टिप्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप नुकीली और पतली नाक का भ्रम उत्पन्न कर सकती हैं।

नाक की हड्डी को हाईलाइट करें

नाक को पतला और नुकीला दिखाने के लिए सबसे पहले अपनी त्वचा की टोन से एक या दो शेड हल्का चमकीला हाइलाइटर लगाएं। हाइलाइटर को धीरे से ऊपर से नीचे की ओर एक पतली लाइन में अपनी नाक के बॉल यानी नाक के आगे के हिस्से पर लगाएं। हाइलाइटर लगाते वक्त याद रखें कि ये लाइन बहुत चौड़ी न हो, इससे लुक खराब हो सकता है। आप हाइलाइटर की जगह ऑफ–व्हाइट या न्यूड आईशैडो का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

नाक के सिरे को ऐसे करें डार्क

यदि आप अपनी नाक की नोक को थोड़ा नुकीला और ऊपर उठाना चाहती हैं तो मैट ब्रोंजर या त्वचा के टोन वाले आईशैडो शेड का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए नाक की वी शेप और नोक पर भूरे रंग का ब्रोंजर या आईशैडो लगाएं। इसके बाद एक सॉफ्ट स्पंज या ब्रश का इस्तेमाल करके इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करके नोक को डार्क कर लें।

ब्रो बोन पर कंटूरिंग करें

कंटूरिंग आपकी नाक को नुकीला और पतला दिखाने का सबसे अच्छा तरीका है। इसके लिए एंगल्ड ब्रश का इस्तेमाल करते हुए अपनी आईब्रो की हड्डी (ब्रो बोन) से लेकर नाक की नोक तक हल्की कंटूर लाइन बनाएं। नाक की नोक तक लाइन बनाने के बाद नाक के कर्व के हिसाब से ही आगे की लाइन बनाएं और फिर अंत में लाइन को गोल ब्लेंड करें। कंटूर अच्छे से ब्लेंड हो जाए, इसके लिए एक क्रीम कंटूर चुनें।

हैवी आई मेकअप करने से बचें

नाक पर कंटूरिंग मेकअप करने के बाद ट्रांसलूसेंट सेटिंग पाउडर से मेकअप को सेट जरूर करें। इस लुक के बाद यदि आप हैवी आई मेकअप करने के बारे में सोच रहें तो ऐसा करने से बचें क्योंकि यह आपकी नाक को मोटा दिखाता है। इसकी बजाय अपने आंखों पर न्यूड और लाइट मेकअप करें। इसके लिए ऐसा आईशैडो शेड चुनें, जो आपकी त्वचा की टोन से मिलता–जुलता हो।